Circular No – 047/2026

Date: 07-07-2026

To
All Members of The Association

EPFO ANNOUNCES AMNESTY SCHEME 2026 FOR EXEMPTED ESTABLISHMENTS

1. Employees Provident Fund Organization has announced Amnesty Scheme 2026 for income tax recognized private EPF Trust that are yet to be formally covered or granted statutory exemption. The scheme extends substantial relief to the exempted trust. The scheme entirely waives accumulated damages, interest, and legal penalties for businesses that have historically run internal trusts providing employees with benefits equal to or better than the statutory EPF scheme. The Scheme is valid for a period of 6 months from the date of publication in Gazette of India i.e. 29.06.2026. The duration may be further extended for a period of not exceeding 6 months on the recommendation of the Central Board. The exempted establishments which have applied for the Amnesty 2026 amnesty shall be granted retrospectively under section 17 of the Repealed Act read with paragraphs 27 and 27A of the Employees Provident Funds Scheme, 1952 and section 143 of the Code.
2. The following category of establishments are eligible for Amnesty 2026:

(i) Category-I – The establishments seeking exemption retrospectively for their Provident Fund Trusts and have already started compliance as an unexempted establishment or are opting for prospective compliance as an unexempted and are further sub-categorised as under:

a. Trusts maintained for excluded employees or
b. Trusts maintained for non-excluded employees under the Employees Provident Fund scheme 1952.

(i) Category-II - The establishment seeking exemption regularisation retrospectively for their Provident Fund Trust and opting for continuance as an exempted establishment under the Code.

3. The complete details of the Amnesty Scheme 2026 are available at page 101 onwards in the EPF Scheme 2026 notified by the Government of India and published in the Gazette of India dated 29.06.2026.

For KARNATAKA EMPLOYERS' ASSOCIATION

Sd/
[B C Prabhakar]
President

रजिस्ट्रीसं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-01072026-273957
CG-DL-E-01072026-273957

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 473] नई दिल्ली, सोमवार, जून 29, 2026/ आषाढ 8, 1948
No. 473] NEW DELHI, MONDAY, JUNE 29, 2026/ ASHADHA 8, 1948

श्रम और रोजगार मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 जून, 2026

सा.का.नि. 525(अ).— केन्द्रीय सरकार, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 (2020 का 36) की धारा 15 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम, 1952 को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हे ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, निम्नलिखित स्कीम बनाती है, अर्थात:-

अध्याय I
प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त शीर्षक, प्रारंभ और लागू होना. –** (1) इस स्कीम का संक्षिप्त नाम कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम , 2026 है।

(2) यह राजपत्र में प्रकाशन की तिथि को प्रवृत होगी।

(3) संहिता की धारा 20, 21 और धारा 143 के उपबंधों के अधीन, यह स्कीम लागू होगी –

(i) प्रत्येक उस स्थापना पर, जिस पर संहिता का अध्याय III लागू होता है; और

(ii) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार स्वामित्व वाले या उनके नियंत्रणाधीन, अथवा किसी केंद्रीय अधिनियम या राज्य अधिनियम या उस समय लागू किसी अन्य विधि के अधीन स्थापित प्रत्येक स्थापना पर, जो संहिता की पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट कर्मचारियों की संख्या नियोजित करती है और जिनके कर्मचारी, उस विधि के अधीन बनाई गई किसी स्कीम या नियमों के अनुसार, अंशदायी भविष्य निधि या वृद्धावस्था पेंशन के लाभों हेतु पात्र नहीं हैं।

2. परिभाषाएं . – (1) इस स्कीम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो: -

(क) "प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता" से संबंधित स्थापना का ऐसा कर्मचारी अभिप्रेत है जिसे स्थापना के नियोक्ता द्वारा नियोक्ता या स्थापना की ओर से, जैसा भी मामला हो, किसी विवरणी या दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिक रूप से अधिकार दिया गया है, और ऐसे कार्य नियोक्ता के साथ-साथ स्थापना पर भी विधिक रूप से बाध्यकारी होंगे;

(ख) "न्यासी बोर्ड" से धारा 143 की उप-धारा (5) के अधीन गठित न्यास के अध्यक्ष और सदस्यों से मिलकर बनी विधिक इकाई अभिप्रेत है;

(ग) "बालक" का तात्पर्य विधिमान्य संतानों से है और इसमें गोद ली गई संतानें भी सम्मिलित हैं, यदि आयुक्त संतुष्ट है कि सदस्य के स्वीय विधि के अधीन बालक को गोद लेना विधिक रूप से मान्यता प्राप्त है;

(घ) "**संहिता**" से सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 अभिप्रेत है;

(ङ) "आयुक्त" से संहिता की धारा 14 के अन्तर्गत नियुक्त कर्मचारी भविष्य निधि आयुक्त अभिप्रेत है;

(च) "अपवर्जित कर्मचारी" से ऐसा कर्मचारी अभिप्रेत है, जो—

(i) ऐसा कर्मचारी जिसकी मजदूरी, उस समय जब वह फंड का सदस्य बनने का हकदार होता है, संहिता के अधीन तय मजदूरी की सीमा से ज्यादा हो;

(ii) किसी अंतर्राष्ट्रीय कामगार के मामले में, जो अपने मूल देश के नागरिक या निवासी के रूप में, उस देश के सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम में अभिदाय देता है जिसके साथ भारत ने—

(अ) पारस्परिक आधार पर एक सामाजिक सुरक्षा करार किया है, और जो ऐसे करार में विनिर्दिष्ट अवधि और शर्तों के लिए एक 'डिटैच्ड वर्कर' के दर्जे का लाभ उठाता है; या

(आ) 1 अक्टूबर, 2008 से पूर्व सामाजिक सुरक्षा से संबंधित खंड वाले किसी द्विपक्षीय व्यापक आर्थिक करार में प्रवेश किया है, जो विशेष रूप से दोनों में से किसी भी देश के प्राकृतिक व्यक्तियों को मेजबान देश के सामाजिक सुरक्षा कोष में अभिदाय करने से छूट प्रदान करता है;

(छ) "छूट प्राप्त स्थापना" से संहिता की धारा 143 के अधीन छूट प्राप्त स्थापना अभिप्रेत है;

(ज) "वित्तीय वर्ष" से अप्रैल के पहले दिन से प्रारंभ होने वाला वर्ष अभिप्रेत है;

(झ) "निधि" से इस स्कीम के अधीन स्थापित भविष्य निधि अभिप्रेत है;

(ञ) "अंतर्राष्ट्रीय कर्मचारी" से–

(i) भारतीय कर्मचारी से भिन्न कोई अन्य कर्मचारी, जिसके पास भारतीय पासपोर्ट से भिन्न कोई अन्य पासपोर्ट हो, जो भारत में किसी स्थापना में कार्यरत हो, जिस पर संहिता लागू होती है;

(ii) कोई भारतीय कर्मचारी जो किसी ऐसे विदेशी देश में काम कर चुका है अथवा काम करने जा रहा है जिसके साथ भारत ने सामाजिक सुरक्षा समझौता किया है और जो उक्त समझौते के अधीन प्राप्त पात्रता के आधार पर अथवा प्राप्त करने जा रहा है, उस देश के सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम के अधीन फायदा प्राप्त करने का पात्र है;

परन्तु वह कामगार जो 1950 की शांति और मैत्री संधि के कारण नेपाली नागरिक है और वह कामगार जो 2007 की भारत-भूटान मैत्री संधि के कारण भूटानी नागरिक है, भारतीय कामगार माना जाएगा;

(ट) "सदस्य" से निधि के सदस्य अभिप्रेत है;

(ठ) "प्रधान नियोक्ता" से ऐसा नियोक्ता अभिप्रेत है जिसके साथ कर्मचारी किसी ठेकेदार द्वारा या उसके माध्यम से नियोजित हैं और इसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगे: -

(i) सरकार या स्थानीय प्राधिकरण के किसी कार्यालय या विभाग के संबंध में, उस कार्यालय या विभाग का प्रमुख या ऐसा अन्य अधिकारी जिसे सरकार या स्थानीय प्राधिकरण इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे;

(ii) किसी कारखाने में, कारखाने का स्वामी या पट्टेदार और जहां किसी व्यक्ति को कारखाने के प्रबंधक के रूप में नामनिर्दिष्ट किया गया है, वहां इस प्रकार नामनिर्दिष्ट व्यक्ति;

(iii) किसी खदान में, खदान का मालिक या एजेंट;

(iv) किसी दूसरी स्थापना के संबंध में , कोई भी व्यक्ति जिसका उस स्थापना के मामलों पर पूरा नियंत्रण हो।

(ड) "निरसित अधिनियम" से कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) अभिप्रेत है;

(ढ) "स्कीम" से संहिता की धारा 15 के अधीन बनाई गई कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम अभिप्रेत है;

(ण) "सेबी" से भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अभिप्रेत है, जिसकी स्थापना भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (1992 का 15) की धारा 3 के अधीन की गई थी।

(त) "ट्रस्टी" से "ट्रस्टी बोर्ड" का सदस्य अभिप्रेत है; और

(थ) "यूनिवर्सल अकाउंट नंबर" (यूएएन) से केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा विनिर्दिष्ट रूप और तरीके से किसी कर्मचारी को स्थायी आधार पर आवंटित पहचान संख्या अभिप्रेत है।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किंतु संहिता में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे,जो उनके संहिता और उसके अधीन विरचित नियमों में हैं।

अध्याय II
केंद्रीय बोर्ड के अधिकारी

3. केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त और वित्तीय सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी. – केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त और वित्तीय सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी, केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुमति के बिना, अपने कार्यालय से असंबद्ध कोई भी कार्य नहीं करेंगे।

4. **क्षेत्रीय और स्थानीय कार्यालय. –** केंद्रीय बोर्ड, स्कीम को लागू करने के लिए ज़रूरी समझे जाने वाले क्षेत्रीय और स्थानीय कार्यालय स्थापित कर सकता है और ऐसे कार्यालयों के कार्यों और कर्तव्यों को तय कर सकता है।

5. केंद्रीय बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति. – केंद्रीय बोर्ड, भारत सरकार के संयुक्त सचिव के पद के बराबर के स्तर तक के अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति करेगा।

6. केंद्रीय बोर्ड को नियुक्तियों की जानकारी. – अध्यक्ष ,केंद्रीय बोर्ड द्वारा क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त और उससे ऊपर के स्तर के अधिकारियों की सभी नियुक्तियों से संबंधित संदर्भों को जानकारी के लिए केंद्रीय बोर्ड की अगली बैठक में रखा जाएगा।

7. आयुक्त की प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां. – (1) केंद्रीय बोर्ड द्वारा मंज़ूर किए गए बजट आवंटन और सीमाओं के अधीन रहते हुए, आयुक्त, निधि के संचालन के लिए ज़रूरी आकस्मिक खर्चों, सामान, सेवाओं और खरीद पर खर्च को मंज़ूरी देंगे।

(2) केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर केंद्रीय बोर्ड द्वारा उप-पैरा (1) में निहित प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियों का प्रयोग कर सकता है।

8. स्टाफ़ भविष्य निधि और अन्य फायदे. – केंद्रीय बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों के संबंध में भविष्य निधि अधिनियम, 1925 के अधीन स्थापित 'स्टाफ भविष्य निधि' और 'पेंशन-सह-ग्रैच्युटी और निधि' तथा 'कर्मचारी भविष्य निधि प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952' (1952 का 19) के अधीन केंद्रीय बोर्ड के कर्मचारियों के लाभ के लिए गठित किसी भी अन्य निधि को, संहिता की धारा 120 की उप-धारा (4) के अनुसार गठित माना जाएगा।

अध्याय III
सदस्यता

9. निधि की सदस्यता. – इस स्कीम के पैरा 2(च) के अधीन –

(1) प्रत्येक कर्मचारी, जो उक्त स्कीम की समाप्ति की तिथि तक क.भ.नि. स्कीम ,1952 का सदस्य था या उसका सदस्य होना आवश्यक था, इस स्कीम का सदस्य होगा।

(2) किसी भी स्थापना में या उसके कार्य के संबंध में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी, जिस पर यह स्कीम लागू होती है, उस दिन से निधि का सदस्य बनने का पात्र है और ऐसा करना उसके लिए अनिवार्य है, जिस दिन से यह स्कीम उस स्थापना में लागू होती है या स्थापना में कार्यरत होने की तिथि से, जो भी बाद में हो।

(3) प्रत्येक अपवर्जित कर्मचारी या छूट प्राप्त कर्मचारी, अपवर्जित या छूट प्राप्त कर्मचारी न रहने के तत्काल पश्चात से इस निधि का सदस्य बन जाएगा।

(4) इस पैरा में किसी भी बात के होने के बावजूद, कोई भी कर्मचारी और उसका नियोक्ता ऐसे कर्मचारी को सदस्य के रूप में नामांकित करने या उसे वेतन सीमा से अधिक वेतन पर अभिदान करने की अनुमति देने के लिए लिखित में संयुक्त अनुरोध कर सकते हैं; और उसके पश्चात ऐसा कर्मचारी निधि के लाभ प्राप्त करने का पात्र होगा और निधि की शर्तों के अधीन होगा;

परंतु नियोक्ता प्रशासनिक प्रभार का भुगतान करेगा और ऐसे कर्मचारी के संबंध में सभी सांविधिक प्रावधानों का पालन करेगा।

(5) प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय कामगार,–

(i) जो कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम , 1952 का सदस्य था, वह इस स्कीम का सदस्य होगा;

(ii) जो किसी ऐसी स्थापना में या उसके कार्य के संबंध में नियोजित है जिस पर यह स्कीम लागू होती है, वह ऐसी स्थापना में या स्थापना में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से, जो भी पश्चात में हो, इस स्कीम का सदस्य बनने का पात्र होगा और उसके लिए सदस्य बनना अनिवार्य होगा;

(iii) जो एक अपवर्जित कर्मचारी या छूट प्राप्त कर्मचारी है, वह अपवर्जित कर्मचारी या छूट प्राप्त कर्मचारी न रहने के तत्काल पश्चात इस स्कीम का सदस्य बन जाएगा।

(6) किसी अंतर्राष्ट्रीय कामगार के मामले में, नीचे दी गई सारणी में सूचीबद्ध देश में रोजगार गतिविधि करने वाला कोई कर्मचारी, जिसने भारत के साथ सामाजिक सुरक्षा अभिदाय पर एक द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और जो इस संहिता के अधीन है, वह नियोक्ता के साथ मिलकर संहिता की धारा 2 की उप-धारा 88 में यथापरिभाषित कुल वेतन पर अभिदाय का भुगतान करेगा, यदि वे उक्त समझौते के अधीन डिटैचमेंट का लाभ उठाने के इच्छुक हैं।

सारणी

क्रम सं	देश का काम
1.	**यूनाइटेड किंगडम -ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड**

10. सदस्यता का बने रहना. – (1) स्कीम का सदस्य तब तक सदस्य बना रहेगा, जब तक कि वह पैरा 49 के अधीन निधि में जमा अपनी राशि को निकाल नहीं लेता है, या संहिता की धारा 143 के अधीन छूट की अधिसूचना या स्कीम के पैरा 12 के अधीन छूट के आदेश के दायरे में नहीं आता है;

(2) कोई अंतर्राष्ट्रीय कामगार इस स्कीम का सदस्य तब तक बना रहेगा, जब तक कि—

(i) वह पैरा 49 के अधीन , निधि में अपने खाते में जमा संपूर्ण राशि को आहरित नहीं कर लेता;

(ii) वह संहिता की धारा 143 के अधीन छूट की अधिसूचना या इस स्कीम के पैरा 12 के अधीन छूट के आदेश के दायरे में नहीं आ जाता; या

(iii) भारत और उसके मूल देश के मध्य किए गए सामाजिक सुरक्षा समझौते के प्रावधानों के अधीन लाभों का निपटारा नहीं हो जाता।

11. सदस्यता के संबंध में प्रश्नों का समाधान. – (1) जहां यह प्रश्न उठता है कि क्या कोई कर्मचारी सदस्य बनने या बने रहने का पात्र है या उसके लिए ऐसा करना आवश्यक है, या उस तिथि के संबंध में जिससे वह सदस्य बनने का पात्र है या उसके लिए ऐसा करना आवश्यक है, तो मामला क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को भेजा जाएगा, जो नियोक्ता और कर्मचारी दोनों को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात इस पर निर्णय देगा :

परंतु यदि इस तरह के विवाद में यह भी सम्मिलित है कि क.भ.नि. स्कीम , 1952 के अधीन आने वाले या आ सकने वाली किसी स्थापना में या उसके कार्य के संबंध में कार्यरत कोई कर्मचारी, उक्त स्कीम की समाप्ति की तिथि तक निधि का सदस्य बनने का पात्र या उसके लिए आवश्यक था, तो उस अवधि के लिए समाप्त हो चुकी स्कीम के सदस्यता नियमों के अनुसार इसका समाधान किया जाएगा ।

(2) अंतर्राष्ट्रीय कामगार के मामले में, यदि कोई ऐसा प्रश्न उत्पन्न होता है कि क्या कोई अंतर्राष्ट्रीय कामगार सदस्य बनने या बने रहने का पात्र है अथवा उसके लिए ऐसा करना आवश्यक है, या उस तिथि के संबंध में जिससे वह कामगार इस प्रकार सदस्य बनने का पात्र है या उसके लिए ऐसा करना आवश्यक है, तो उक्त मामला क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को विनिर्दिष्ट किया जाएगा, जो नियोक्ता और अंतर्राष्ट्रीय कामगार दोनों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात मामले का निर्णय करेंगे और ऐसी कोई भी सुनवाई भारत में होगी:

परंतु यदि इस विवाद में यह प्रश्न सम्मिलित है कि क्या कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम , 1952 के दायरे में आने वाली या आ सकने वाली किसी स्थापना में या उसके काम से जुड़े किसी अंतर्राष्ट्रीय कामगार को उक्त स्कीम के बंद होने की तारीख तक निधि का सदस्य बनने का अधिकार था या उसके लिए ऐसा करना जरूरी था, तो इसका फैसला बंद हो चुकी स्कीम के नियमों के अनुसार ही किया जाएगा और इसे इस स्कीम के लाभों के लिए सदस्यता माना जाएगा।

(3) उप पैरा (1) और (2) के अधीन कोई भी कार्रवाई विवाद उत्पन्न होने की कथित तिथि के पांच वर्ष की अवधि समाप्त होने के पश्चात शुरू नहीं की जाएगी ।

परंतु इस स्कीम के प्रारंभ होने के समय क.भ.नि. स्कीम , 1952 के पैरा 26बी के अधीन चल रही सभी विद्यमान जांच या सुनवाई, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 की अधिसूचना की तिथि से दो वर्ष के भीतर समाप्त की जाएगी।

अध्याय-IV
छूट

12. कर्मचारी या कर्मचारियों के वर्ग को छूट. – (1) कर्मचारी से **प्रपत्र-1** में आवेदन प्राप्त होने पर, समुचित सरकार, अधिसूचना द्वारा और ऐसी शर्तों के अधीन जो आदेश में विनिर्दिष्ट की जा सकती हैं, इस स्कीम के सभी या किसी भी उपबंध के संचालन से छूट दे सकती है:

परंतु ऐसी छूट प्रदान की जाएगी जहां कर्मचारी उस स्थापना के नियमों के अधीन लाभों का हकदार है जो अलग-अलग या संयुक्त रूप से संहिता और इस स्कीम के अधीन प्रदान किए गए लाभों के समान या बेहतर हैं।

परंतु यह भी कि उप-पैरा (1) के अधीन छूट प्राप्त कोई कर्मचारी, आयुक्त को आवेदन करके यह घोषणा कर सकता है कि वह निधि का सदस्य बनना चाहता है।

परंतु यह भी कि किसी भी कर्मचारी को एक ही खाते पर एक से अधिक बार ऐसी छूट प्रदान नहीं की जाएगी या छूट से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(2) जहां छूट दी जाती है, नियोक्ता -

(i) खातों का रखरखाव करें;
(ii) **प्रपत्र-2** में इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में विवरणी जमा करें:
(iii) निरीक्षण के लिए सुविधाएं प्रदान करें;
(iv) निरीक्षण फीस का भुगतान करें; और
(v) केंद्रीय सरकार द्वारा निर्देशित रीति से भविष्य निधि संग्रह विनिधान करें ।

(3) कर्मचारियों के किसी वर्ग को तब तक कोई छूट नहीं दी जाएगी, जब तक की स्थापना द्वारा ऐसे कर्मचारियों के बहुमत की सहमति प्रस्तुत न कर दी जाए।

13. छूट के पश्चात नियम और शर्तें. – (1) नियोक्ता, भविष्य निधि के प्रबंधन के लिए अपनी अध्यक्षता में एक न्यासी बोर्ड की स्थापना करेगा।

(2) न्यासी बोर्ड प्राप्तियों और भुगतानों और शेष रकम के लेखांकन के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के प्रति उत्तरदायी और जवाबदेह होगा।

(3) न्यासी बोर्ड की बैठक हर तीन महीने में कम से कम एक बार होगी, और यह उन दिशानिर्देशों के अनुसार कार्य करेगा जो केंद्रीय सरकार या केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा जारी किए जाएं और न्यासी बोर्ड की बैठक के कार्यवृत्त को **प्रपत्र-3** में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को प्रस्तुत किया जाएगा।

(4) छूट प्राप्त स्थापना का नियोक्ता छूट प्रदान करने वाली अधिसूचना में विनिर्दिष्ट शर्तों से भिन्न संहिता की धारा 16, 125, 128 और 129 का अनुपालन करेगा और किसी भी उल्लंघन पर संहिता की धारा 133 के अधीन जुर्माना लगाया जाएगा।

(5) केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित दर पर नियोक्ता निरीक्षण प्रभार का भुगतान करेगा।

(6) कर्मचारी, जो यदि स्थापना को छूट न दी गई होती, तो भविष्य निधि के सदस्य बनने के पात्र होते— उन्हें सदस्य के रूप में नामांकित किया जाएगा।

(7) नियोक्ता, नियोक्ता और कर्मचारियों द्वारा देय अंशदानों को, उस महीने के पश्चात के प्रत्येक महीने की 15 तारीख तक न्यासी बोर्ड को अंतरित करेगा, जिसके लिए अभिदाय देय हैं, अन्यथा नियोक्ता संहिता की धारा 127 और 128 के अधीन ब्याज और क्षति के लिए उत्तरदायी होगा।

(8) नियोक्ता, भविष्य निधि के प्रशासन से संबंधित व्यय वहन करेगा और ट्रस्ट फंड को होने वाले किसी भी हानि की प्रतिपूर्ति करेगा।

(9) न्यासी बोर्ड वार्षिक रूप से ब्याज दर घोषित करेगा, जो उस वर्ष के लिए अर्जित आय के अनुरूप होगी, और यह केंद्रीय सरकार द्वारा घोषित ब्याज दर से 200 आधार अंकों से अधिक नहीं होगी।

(10) ब्याज प्रत्येक सदस्य के खाते में सदस्य के मासिक चल शेष पर जमा किया जाएगा और किसी भी कमी को नियोक्ता द्वारा पूरा किया जाएगा।

(11) नियोक्ता कर्मचारियों को निधि के नियमों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रसारित करेगा, साथ ही अधिकांश कर्मचारियों की भाषा में इसका अनुवाद भी करेगा।

(12) न्यासी इलेक्ट्रॉनिक रूप से खातों का रख-रखाव करेंगे, वित्तीय वर्ष के समापन के दो महीने के भीतर वार्षिक विवरण जारी करेंगे और कर्मचारियों को अपनी शेष रकम ऑनलाइन एक्सेस करने की सुविधा प्रदान करेंगे।

(13) नियोक्ता द्वारा बनाए गए नियमों में कोई भी संशोधन जो स्थापना के विद्यमान नियमों की तुलना में अधिक फायदेमंद है, स्वचालित रूप से कर्मचारी पर लागू होगा और क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को सूचित किया जाएगा।

(14) नियोक्ता, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को किसी भी नियम के बारे में सूचित करेगा जो स्थापना के विद्यमान नियमों से अधिक लाभकारी प्रतीत नहीं होता है और उसके बाद, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा नियोक्ता और कर्मचारी दोनों को नोटिस जारी करने के पश्चात एक तर्कपूर्ण आदेश पारित किया जाएगा।

(15) प्रत्याहरण, अग्रिम और अंतरण के लिए सभी दावे, केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा निर्धारित रीति से इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत किए जाएंगे।

(16) स्थापना ऑनलाइन दावा निपटान के लिए सुविधाएं प्रदान करेगा जिसका निपटान इस स्कीम में विनिर्दिष्ट समय सीमा के भीतर किया जाएगा।

(17) न्यासी बोर्ड जमा किए गए अभिदाय , किए गए आहरण और अर्जित ब्याज को दर्शाने वाला विस्तृत इलेक्ट्रॉनिक खाता बनाएगा और स्थापना समय-समय पर सदस्य के खाते में इलेक्ट्रॉनिक रूप से इसे प्रसारित करेगी।

(18) न्यासी बोर्ड और नियोक्ता को केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा विनिर्दिष्ट मासिक और वार्षिक विवरणी इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा करना होगा, ऐसा न करने पर नियोक्ता और न्यासी बोर्ड को पहली बार में सुधार के लिए नोटिस जारी किया जाएगा, जिसके पश्चात उल्लंघन के मामले में, दो सौ रुपये प्रतिदिन का फीस और आगे के उल्लंघनों के मामले में, पांच सौ रुपये प्रतिदिन का फीस लगाया जाएगा, जो उस महीने के लिए देय निरीक्षण फीस की अधिकतम रकम के अधीन होगा, जिससे ऐसा विवरणी संबंधित है।

(19) न्यासी बोर्ड, केंद्रीय सरकार के निदेशों के अनुसार निधि का विनिधान करेगा और अनुपालन में विफलता नियोक्ता और न्यासी बोर्ड को संयुक्त रूप से और अलग-अलग रूप से केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा निर्धारित अधिभार के लिए उत्तरदायी बनाएगी।

(20) प्रतिभूतियां न्सास के नाम पर प्राप्त की जाएंगी और वि-भौतिकीकृत रूप में होंगी।

(21) ब्याज की समय पर वसूली सुनिश्चित करने के लिए एक स्क्रिप-वार रजिस्टर रखा जाएगा।

(22) एक वि-भौतिकीकृत खाता भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड द्वारा अनुमोदित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से खोला जाएगा।

(23) वि-भौतिकीकृत खाते के रखरखाव की लागत और अन्य विनिधान लागतों को ट्रस्ट द्वारा विनिधान की आनुषंगिक लागत के रूप में माना जाएगा।

(24) प्रतिभूतियों और बॉन्ड्स सहित सभी विनिधान भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा अनुमोदित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास जमा किए जाएंगे जो संरक्षक के रूप में कार्य करेंगे और स्थापना के बंद होने या परिसमापन या इस स्कीम से छूट रद्द होने पर, नियोक्ता न्यास के नाम पर दर्ज निवेशों को संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को नकद में अंतरित करेगा।

(25) छूट प्राप्त स्थापना, संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को उन डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के संबंध में जानकारी देंगे, जिनके साथ विनिधान जमा किए जाते हैं और न्यासी बोर्ड अनिवार्य खर्चों के लिए आवश्यक रकम जुटा सकता है, जैसे कि दावों का निपटान, अग्रिम अनुदान, जमा रकम का अंतरण या छूट का निरस्तीकरण, परंतु इसकी सूचना क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ऑनलाइन दी जाए।

(26) न्यास द्वारा किए गए निवेशों के लिए वित्तीय संस्थानों से प्राप्त कोई भी कमीशन, प्रोत्साहन, बोनस या अन्य आर्थिक लाभ न्यास के खाते में जमा किया जाएगा।

(27) छूट देते समय, नियोक्ता और न्यासी बोर्ड क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को **प्रपत्र-4** में एक लिखित वचन देंगे, ताकि शर्तों का पालन किया जा सके और यह वचन नियोक्ता, न्यासी बोर्ड और उनके उत्तराधिकारियों और नामनिर्दिष्ट व्यक्ति पर विधिक रूप से बाध्यकारी होगा।

(28) नियोक्ता और न्यासी बोर्ड यह भी वचन देंगे कि वे संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर तत्काल निधि का अंतरण करेंगे।

(29) पूर्वव्यापी निरस्तीकरण या छूट आदेशों की वापसी की स्थिति में, कोई नुकसान या ब्याज नहीं लगाया जाएगा, परंतु स्थापना से न्यासी बोर्ड को धन के अंतरण में या प्रत्येक कर्मचारी के क्रेडिट में संचय के अंतरण में, अधिशेष या आरक्षित को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को अंतरित में कोई देरी न हो।

(30) नियोक्ता और न्यासी बोर्ड किसी भी निष्क्रिय खाते और गैर-केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) खाते में कुल जमा रकम को ब्याज सहित एक महीने के भीतर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को अंतरित करेंगे।

(31) भविष्य निधि के खातों का वार्षिक लेखा परीक्षण एक चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा किया जाएगा और क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त जहां आवश्यक हो, पुनः लेखा परीक्षण का आदेश दे सकते हैं और एक ही लेखा परीक्षक को लगातार दो वर्षों के लिए और छह वर्ष के ब्लॉक में दो वर्ष से अधिक के लिए नहीं नियुक्त नहीं किया जाएगा।

(32) लेखा परीक्षक की रिपोर्ट और लेखा परीक्षित बैलेंस शीट वित्तीय वर्ष के समापन से छह महीने के भीतर इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत की जाएगी।

(33) लेखांकन प्रारूप भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान के परामर्श से केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

(34) छूट को रद्द करने की कार्रवाई, शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में, अंतिम उपाय के रूप में होगी, जिसमें यह भी सम्मिलित है कि जहां घोषित अभिदाय या ब्याज की दर संहिता के अधीन है या दावा

विनिर्दिष्ट समय के भीतर नहीं निपटाया जाता है, लेकिन जहां सुधार नोटिस में दिए गए समय के भीतर कमियों को सुधारा जाता है वहां रद्द नहीं किया जाएगा और स्थापना के बंद होने या परिसमापन की स्थिति में भी रद्द किया जा सकता है।

(35) धोखाधड़ी, गबन या गलत विनिधान निर्णयों के कारण न्यास को होने वाले किसी भी नुकसान की प्रतिपूर्ति नियोक्ता और मूल या ब्याज नुकसान द्वारा की जाएगी, नुकसान की तारीख या वित्तीय वर्ष के अंत से दो महीने के भीतर, जो भी पहले हो, की जाएगी।

(36) छूट के रद्द होने या सरेंडर पर, सभी संचय, अधिशेष, आरक्षित और कर्मचारी जमा रकम, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को अंतरित कर दी जाएगी।

(37) जहां विलय, विभाजन, अधिग्रहण, बिक्री, एकीकरण या किसी सहायक कंपनी का गठन होता है, सक्षम विधिक फोरम के आदेश में उल्लिखित शर्तें ही, छूट की स्थिति को नियंत्रित करेंगी और नए स्थापना का नियोक्ता केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा विनिर्दिष्ट प्रक्रिया का पालन करके छूट जारी रखने या छूट को समर्पित करने के लिए स्वतंत्र होगा।

(38) जहां एक से अधिक इकाइयां, किसी ऐसे साझा भविष्य निधि न्यास में भाग लेती हैं जिसे छूट प्रदान की गई है, वहां की गई किसी भी चूक के लिए नियोक्ता और सभी न्यासी, संयुक्त रूप से और अलग-अलग रूप से उत्तरदायी होंगे।

(39) छूट का क्रम आरम्भ में तीन वर्ष की अवधि के लिए होगा और छूट का नवीनीकरण नियोक्ता और ट्रस्ट द्वारा आवेदन के आधार पर किया जाएगा और आम तौर पर स्वचालित होगा, यदि शर्तें संतुष्ट होती हैं, परंतु पिछले तीन वर्षों के दौरान स्थापना की शुद्ध संपत्ति सकारात्मक हो।

(40) निरसित अधिनियम के अधीन छूट वाली स्थापना छूट के अनुदान के लिए पात्रता शर्तों को विनिर्दिष्ट करते हुए सामाजिक सुरक्षा (केंद्रीय) नियम, 2026 की अधिसूचना की तारीख से दो वर्षों के भीतर निरंतरता के लिए आवेदन करेंगे।

14. न्यासी बोर्ड की संरचना. – (1) उस स्थापना का न्यासी बोर्ड, जिसे छूट दी गई है, उसमें नियोक्ताओं और कर्मचारियों में से प्रत्येक के कम से कम दो और अधिक से अधिक छह प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे:

परंतु दो या दो से अधिक स्थापना के समूह के लिए एक सामान्य भविष्य निधि के मामले में, प्रत्येक भाग लेने वाले स्थापना से कम से कम एक प्रतिनिधि होगा।

(2) नियोक्ता, प्रबंधकीय क्षमता में कार्यरत अधिकारियों में से, न्यासी बोर्ड में अपने प्रतिनिधियों को नामनिर्दिष्ट करेगा।

(3) न्यासी बोर्ड में, कर्मचारियों के प्रतिनिधि निम्नलिखित रीति से नामांकित या निर्वाचित किए जाएंगे, अर्थात्: —

(क) जहां उद्योग में अनुशासन संहिता के अधीन या किसी अन्य अधिनियम के अधीन नियोक्ता द्वारा मान्यता प्राप्त कोई संघ है, वहां कर्मचारियों के प्रतिनिधियों को नामनिर्दिष्ट करने का कार्य ऐसी संघ ही करेगी।

(ख) जहां एक से अधिक व्यापार संघ को नियोक्ता से मान्यता प्राप्त हो, वहां कर्मचारियों के प्रतिनिधियों का निर्वाचन, संघ के सदस्यों द्वारा, इस प्रयोजन के लिए एक कार्य दिवस पर आयोजित होने वाले निर्वाचन में किया जाएगा।

(ग) जहां कोई संघ मान्यता प्राप्त नहीं है, लेकिन एक से अधिक रजिस्ट्रीकृत संघ स्थापना में कार्य करता है, सबसे बड़ी सदस्यता वाला संघ, न्यूनतम पंद्रह प्रतिशत के अधीन, प्रतिनिधियों को नामनिर्दिष्ट करने का अधिकार होगा; और

(घ) जहां केवल एक रजिस्ट्रीकृत संघ है, वहां उसे प्रतिनिधि नामनिर्दिष्ट करने का अधिकार होगा, परंतु उसमें न्यूनतम पंद्रह प्रतिशत सदस्यता हो।

(4) नियोक्ता, न्यासी बोर्ड का अध्यक्ष होगा और मतों की बराबरी की स्थिति में, अध्यक्ष एक निर्णायक मत का प्रयोग करेगा।

(5) न्यासी का कार्यकाल निर्वाचन या नामांकन की तारीख से पांच वर्ष का होगा।

(6) निवर्तमान न्यासी पुनर्चुनाव या पुनः नामांकन के लिए पात्र होगा और एक आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए चुने या नामांकित न्यासी, उस न्यासी के कार्यकाल की शेष अवधि के लिए पद धारण करेगा, जिसके स्थान पर निर्वाचन या नामांकन किया गया था।

(7) कोई व्यक्ति न्यासी बनने के लिए अयोग्य हो जाएगा यदि वह,—

(i) किसी सक्षम न्यायालय द्वारा मानसिक रूप से अस्वस्थ घोषित किया गया हो;

(ii) नैतिक अधमता से जुड़े किसी अपराध का दोषी पाया गया हो;

(iii) अनुन्मोचित दिवालिया हो; या

(iv) किसी छूट प्राप्त या अछूट प्राप्त स्थापना का नियोक्ता है, जिसने संहिता के अधीन किसी भी बकाया रकम के भुगतान में चूक की है।

(8)कोई व्यक्ति न्यासी नहीं रह जाएगा यदि वह,—

(i) उस स्थापना का कर्मचारी नहीं रह जाता है;

(ii) वह उस स्थापना की भविष्य निधि का सदस्य नहीं रह जाता है;

(iii) एक संघ का प्रतिनिधित्व करता है जो नियोक्ता द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं रह जाती है; या

(iv) अध्यक्ष से अनुपस्थिति की अनुमति लिए बिना बोर्ड की लगातार तीन बैठकों में भाग लेने में विफल रहता है, जब तक कि अध्यक्ष इस बात से संतुष्ट न हो जाए कि ऐसी अनुपस्थिति के लिए उचित आधार विद्यमान थे।

(9) न्यासियों के निर्वाचन या नामांकन की प्रक्रिया, बैठकों में गणपूर्ती, कामकाज के लेन-देन के अभिलेख और इस स्कीम में विशेष रूप से विनिर्दिष्ट नहीं किए गए अन्य मामले, स्थापना के अनुमोदित भविष्य निधि नियमों और आयुक्त द्वारा विनिर्दिष्ट छूट प्राप्त स्थापनाओं के न्यासी बोर्ड के कामकाज के लिए दिशानिर्देशों द्वारा विनियमित किया जाएगा।

(10) जहां कोई विवाद या संदेह उत्पन्न होता है, मामला क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को भेजा जाएगा, जिसके पास स्थापना के प्रधान कार्यालय पर अधिकारिता है, जिसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

15. छूट का विस्तार. – (1) छूट का आदेश और उससे जुडी शर्तें, आरम्भ में, प्रकाशन की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए मान्य होंगी।

(2) संहिता की धारा 143 के अधीन छूट की अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन, एक निर्धारित पोर्टल पर, छूट की अवधि समाप्त होने से कम से कम छह माह पहले किया जाना चाहिए।

(3) छूट का नवीनीकरण किया जाएगा, परंतु छूट प्रदान करने की शर्तें स्थापना और न्यास द्वारा लगातार पूरी की जाती रहें।

(4) नवीनीकरण तब तक लागू रहेगा जब तक छूट देने की शर्त पूरी होती रहेंगी और स्थापना की निवल संपत्ति लगातार तीन या अधिक वर्षों तक नकारात्मक नहीं होगी।

(5) नवीनीकरण तब तक लागू रहेगा जब तक कि स्थापना छूट को रद्द करने या अभ्यर्पण करने के लिए आवेदन नहीं करती और वह आवेदन स्वीकार नहीं हो जाता; या जब तक कि केंद्रीय सरकार एक

कारणयुक्त आदेश जारी नहीं करती है जिसके पश्चात नवीनीकरण लागू होना बंद हो जाएगा और अमान्य हो जाएगा।

परंतु ऐसा कोई आदेश केंद्रीय सरकार द्वारा स्थापना को सुनवाई का अवसर दिए बिना पारित नहीं किया जाएगा।

16. छूट की समाप्ति और अभ्यर्पण. – (1) इस स्कीम में निहित किसी बात के होते हुए भी, किसी छूट प्राप्त स्थापना का नियोक्ता, चाहे उसे अपने सभी कर्मचारियों के लिए, या कर्मचारियों के किसी वर्ग के लिए, या किसी एक कर्मचारी के लिए छूट मिली हो, जैसा भी मामला हो, संहिता के अध्याय 3 के अधीन प्राप्त छूट को वापस करने के लिए समुचित सरकार को आवेदन कर सकता है; भले ही छूट की शर्तों का उल्लंघन हुआ हो या न हुआ हो।

परंतु आवेदन करने से पहले, स्थापना और संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, कर्मचारियों की जानकारी के लिए इस आशय की एक सार्वजनिक सूचना जारी करेंगे।

(2) समुचित सरकार, ऐसा आवेदन मिलने पर, नियोक्ता को आवेदन में विनिर्दिष्ट तारीख से निधि में अभिदाय जमा करने की अनुमति दे सकती है, और छूट रद्द करने के आवेदन पर कार्रवाई कर सकती है;

परंतु क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त नियोक्ता और न्यासी बोर्ड को यह अनुमति दे सकता है कि वे संहिता की धारा 143 की उप-धारा (5) में विनिर्दिष्ट निधि से प्रत्येक कर्मचारी की संचित रकम के साथ पिछली संचित रकम, तथा अधिशेष और आरक्षित निधियों को निधि में अंतरित कर दें।

(3) नियोक्ता और न्यासी बोर्ड, समुचित सरकार द्वारा रद्दीकरण आदेश जारी होने तक, प्रत्येक कर्मचारी के संचय के साथ छूट प्राप्त निधि से अधिशेष और आरक्षित निधियों को इस स्कीम के अधीन सांविधिक निधि में अंतरित करेंगे; और तत्पश्चात ऐसे छूट प्राप्त कर्मचारी, निधि के सदस्य बन जाएंगे।

(4) किसी भी कर्मचारी या कर्मचारियों के किसी वर्ग को, एक ही खाते के संबंध में, एक से अधिक बार छूट प्रदान नहीं की जाएगी, और न ही उन्हें छूट छोड़ने के लिए आवेदन करने की अनुमति दी जाएगी।

(5) किसी भी स्थापना को 10 वर्ष की अवधि के भीतर, एक ही खाते पर एक से अधिक बार छूट नहीं दी जाएगी, और न ही उसे छूट से बाहर निकलने के लिए आवेदन करने की अनुमति दी जाएगी;

(6) छूट दिए जाने के लिए, बाद में किए गए अनुरोध के समय, स्थापना को यह प्रदर्शित करना होगा कि उसने अनुरोध की तिथि से ठीक पहले के लगातार तीन वर्ष की अवधि के दौरान, छूट दिए जाने की शर्तों का पालन किया है।

17. विद्यमान भविष्य निधियों से संचित रकम का अंतरण. – (1) कोई भी प्राधिकारी, जो किसी ऐसे विद्यमान भविष्य निधि का प्रभारी है या जिसके प्रबंधन का दायित्व उसे सौंपा गया है, जिसकी संचित रकम इस स्कीम के अधीन 'निधि' में अंतरित की जानी है, वह:

(i) आयुक्त को एक विवरण भेजें, जिसमें इस स्कीम के आवेदन या छूट की रद्दीकरण के पच्चीस दिनों के भीतर, अंतरण की तारीख को प्रत्येक अंशदाता के खाते में जमा रकम, आम तौर पर ग्राहकों के जमा में उस तारीख को कुल संचय और अग्रिम, यदि कोई ग्राहकों द्वारा हो, लिया गया है; दर्शाया जाए।

(ii) उप-पैरा (2) में विनिर्दिष्ट रीति से, प्रत्येक स्थापना के संबंध में अंशदाताओं के खाते में जमा कुल संचय को, स्कीम के लागू होने या छूट के रद्द होने, बैंक में नकदी उपलब्ध होने की स्थिति में दस दिन के भीतर और प्रतिभूतियों के मामले में तीस दिन के भीतर, निधि में अंतरण करना, और

(iii) उक्त संचयों से संबंधित सभी पासबुक, लेखा-पुस्तकें और अन्य दस्तावेज़ केंद्रीय बोर्ड को अंतरित करना।

(2) अंशदाताओं के खाते में जमा समस्त संचय, चाहे वे किसी भी प्रकार से निवेशित हों, नकद रूप में निधि को अंतरित किए जाएंगे;

परंतु यदि जहां ऐसे जमा का पूरा या कोई हिस्सा राष्ट्रीय बचत प्रमाण-पत्रों या राष्ट्रीय स्कीम बचत प्रमाण-पत्रों में निवेशित है, तो अंतरण के समय, ऐसे प्रमाण-पत्रों के बढ़े हुए मूल्य को अंतरण की जाने वाली संचयी रकम निर्धारित करते समय ध्यान में रखा जाएगा;

परंतु ऐसे प्रमाण-पत्रों के अंकित मूल्य और अंतरण के समय उनके बढ़े हुए मूल्य के बीच का अंतर पहले ही अंशदाताओं के खातों में जमा कर दिया गया हो।

परंतु यह और कि जहां ऐसे संचय का पूरा या कोई हिस्सा प्रतिभूतियों में विनिधान से मिलकर बना है, वहां केंद्रीय सरकार, असाधारण मामलों में, ऐसी प्रतिभूतियों के अंतरण को उस मूल्य पर स्वीकार करने की अनुमति दे सकती है जिस पर उन्हें वास्तव में खरीदा गया था।

स्पष्टीकरण: शंकाओं को दूर करने के लिए, भविष्य निधि में जमा कुल रकम में उस पर मिलने वाला ब्याज भी सम्मिलित होता है और निधि का प्रभारी प्राधिकारी, विनिधान पर मिलने वाले ब्याज की उस शेष रकम को नकद में अंतरित करेगा, जो अंतरण की तारीख तक बांटी नहीं गई हो, या जो केंद्रीय बोर्ड के नाम पर प्रतिभूतियों के रजिस्ट्रीकरण से पहले की अवधि के लिए प्राप्त हो चुकी हो या प्राप्त होने योग्य हो।

(iii) उप-पैरा (2) के अधीन अंतरित की गई कोई भी संचय रकम, केंद्रीय बोर्ड के बैंक खाते में जमा की जाएगी।

(iv) इस पैरा के अनुसार निधि में अंतरित की गई संचय रकम को, निधि के प्रत्येक सदस्य के खाते में, प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत विवरण को ध्यान में रखते हुए, उस सीमा तक जिसके वह पात्र हैं, जमा किया जाएगा।

अध्याय 5

अभिदाय और प्रभार

18. अभिदाय. – (1) इस पैरा के अधीन किसी सदस्य के लिए देय अभिदाय में नियोक्ता द्वारा देय अभिदाय (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोक्ता का अभिदाय कहा गया है) और कर्मचारी द्वारा देय अभिदाय (जिसे इसमें इसके पश्चात् कर्मचारी का अभिदाय कहा गया है) सम्मिलित होंगे।

(2) जिस पर यह स्कीम लागू होती है इस स्कीम के अधीन नियोक्ता का अभिदाय कर्मचारी को देय वेतन का बारह प्रतिशत की दर से होगा और ऐसे कर्मचारी के संबंध में कर्मचारी द्वारा देय अभिदाय नियोक्ता द्वारा देय अभिदाय के बराबर होगा।

परंतु केंद्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में अधिसूचित स्थापनाओं की श्रेणी के लिए अभिदाय की दर दस प्रतिशत होगी।

परंतु यह और कि केंद्रीय सरकार, ऐसी जांच करने के पश्चात्, अधिसूचना द्वारा किसी भी कर्मचारी वर्ग के लिए कर्मचारियों के अभिदाय की दरें तथा वह अवधि विनिर्दिष्ट कर सकती है, जिसके लिए ऐसी दरें लागू होंगी;

परंतु यह भी कि केंद्रीय सरकार आदेश द्वारा, महामारी, स्थानिक रोग या राष्ट्रीय आपदा की स्थिति में, पूरे भारत या उसके किसी भाग के लिए, नियोक्ता के अभिदाय , या कर्मचारी के अभिदाय , या दोनों को एक बार में तीन माह तक के लिए स्थगित या कम कर सकती है।

(3) किसी सदस्य के लिए देय अभिदाय , केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित वेतन सीमा के अधीन होगा:

परंतु पैरा 9 के उप-पैरा(4) में निहित उपबंधों के अधीन रहते हुए, जहां ऐसे सदस्य का मासिक वेतन, वेतन सीमा से अधिक हो जाता है, वहां नियोक्ता और कर्मचारी का अभिदाय , वेतन सीमा पर देय अभिदाय तक ही सीमित होगा:

परंतु यह और कि कोई नियोक्ता, ऐसे मामलों में जहां कर्मचारी पेंशन स्कीम , 1995 के अधीन उच्च वेतन पर अभिदाय के लिए अनुमत किए गए हैं, पेंशन निधि में वेतन सीमा से अधिक वेतन पर ऐसा अभिदाय कर सकता है।

(4) अभिदाय की गणना पूरे महीने के दौरान वास्तव में प्राप्त या देय वेतन के आधार पर की जाएगी, चाहे भुगतान दैनिक,साप्ताहिक,पाक्षिक या मासिक आधार पर किया गया हो।

(5) प्रत्येक अभिदाय की गणना निकटतम रुपए तक की जाएगी, पचास पैसे या उससे अधिक को अगले उच्चतम रुपए के रूप में गिना जाएगा और पचास पैसे से कम रुपए के अंश को छोड़ दिया जाएगा।

स्पष्टीकरण:- संदेह दूर करने के लिए यदि, वेतन का भुगतान भारतीय रुपए के अतिरिक्त किसी अन्य मुद्रा में किया जाता है, तो उस मुद्रा की विनिमय दर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा, जो कि भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 (1955 का 23) के अधीन स्थापित है, उस महीने के अंतिम कार्य दिवस पर ऐसी मुद्रा की खरीद के लिए दी गई टेलीग्राफिक अंतरण खरीद दर होगी, जिसके लिए वेतन देय है।

19. अतिरिक्त स्वैच्छिक अभिदाय. – (1) इस स्कीम में निहित किसी भी बात के रहते हुए, कर्मचारी स्वैच्छिक आधार पर सांविधिक वेतन सीमा से अधिक वेतन पर, सांविधिक दर से या उससे अधिक अतिरिक्त अभिदाय करने का विकल्प चुन सकता है और नियोक्ता नियमित विवरणी के माध्यम से ऐसे स्वैच्छिक अभिदाय को तदनुसार आयुक्त को अंतरित करेगा;

परंतु अतिरिक्त स्वैच्छिक अभिदाय , वेतन संहिता की धारा 18 की उपधारा 2 के अधीन अनुमत कटौतियों के पश्चात के वेतन से अधिक नहीं होगा।

(2) नियोक्ता, यदि वह चाहे, तो ऐसे कर्मचारियों के स्वैच्छिक अभिदाय पर उतना ही अभिदाय दे सकता है; तथापि, इस पैरा के अधीन कर्मचारी द्वारा किए गए अतिरिक्त स्वैच्छिक अभिदाय के बराबर अभिदाय देने के लिए नियोक्ता बाध्य नहीं होगा।

(3) नियोक्ता को उस वेतन पर अतिरिक्त प्रशासनिक प्रभार का भुगतान करना होगा, जिस पर इस पैरा के अधीन स्वैच्छिक अभिदाय का भुगतान किया जाता है।

(4) कर्मचारी या नियोक्ता किसी भी समय ऐसे अतिरिक्त स्वैच्छिक अभिदाय को कम करने या बंद करने का विकल्प चुन सकता है।

(5) नियोक्ता द्वारा किया गया कोई भी स्वैच्छिक अभिदाय भविष्य निधि में जमा किया जाएगा।

20. अभिदाय के भुगतान का दायित्व. – (1) नियोक्ता, प्रारंभ में, उसके द्वारा सीधे नियोजित या ठेकेदार [ऐसी स्थापना के संबंध में जो अलग से रजिस्ट्रीकृत नहीं है] के माध्यम से नियोजित कर्मचारियों के संबंध में, केंद्रीय बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से प्रत्येक माह की समाप्ति के पंद्रह दिन के भीतर, इस स्कीम के अधीन देय प्रशासनिक प्रभार या अन्य प्रभार सहित नियोक्ता के अभिदाय और कर्मचारी के अभिदाय दोनों का भुगतान करेगा ।

(2) ठेकेदार द्वारा या उसके माध्यम से नियोजित कर्मचारियों के संबंध में, [ऐसी स्थापना के संबंध में जो अलग से रजिस्ट्रीकृत नहीं है], ठेकेदार ऐसे कर्मचारी द्वारा देय अभिदाय की वसूली करेगा और सदस्य के अभिदाय की रकम को,समान रकम के अभिदाय के साथ प्रधान नियोक्ता को भुगतान करेगा।

(3) यह प्रधान नियोक्ता की जिम्मेदारी होगी कि वह उप- पैरा (1) में दिए अनुसार उसके द्वारा सीधे नियोजित कर्मचारियों के संबंध में तथा उप- पैरा (2) में दिए अनुसार ठेकेदार द्वारा या उसके माध्यम से नियोजित कर्मचारियों के संबंध में देय दोनों अंशदानों का भुगतान प्रशासनिक प्रभार के साथ करे ।

(4) इसमें दी गई किसी भी बात के होते हुए, प्रधान नियोक्ता उसके द्वारा सीधे या किसी ठेकेदार के माध्यम से नियुक्त कर्मचारी के संबंध में अभिदाय और प्रशासनिक प्रभार या अन्य फीस का भुगतान करने के लिए ज़िम्मेदार रहेगा।

21. सदस्यों की आय से नियोक्ता का भाग नहीं काटा जाएगा. – (1) किसी संविदा के प्रतिकूल किसी बात के होते हुए भी, नियोक्ता किसी सदस्य के वेतन में से नियोक्ता का अभिदाय काटने या अन्यथा उससे इसकी वसूली करने का पात्र नहीं होगा।

22. सदस्यों के अभिदाय के भाग की वसूली. – (1) किसी सदस्य के अभिदाय की वह रकम जिसका भुगतान नियोक्ता या ठेकेदार द्वारा किया गया हो, इस स्कीम के उपबंधों या उस समय प्रभावी किसी भी विधि या इसके विपरीत किसी अनुबंध के बावजूद, सदस्य के वेतन से कटौती करके वसूल की जाएगी और अन्य तरीके से नहीं:

परंतु ऐसी कोई कटौती उस अवधि या अवधि के उस भाग के लिए भुगतान किए गए वेतन के अतिरिक्त किसी अन्य वेतन से नहीं की जाएगी , जिसके लिए अभिदाय देय है:

परंतु यह और अगर कर्मचारी ने नौकरी आरंभ करते समय लिखित में गलत घोषणा की थी कि वह पहले से ही निधि का सदस्य नहीं था, तो नियोक्ता या ठेकेदार उस अवधि के लिए भुगतान किए गए वेतन के अतिरिक्त वेतन से कर्मचारी के अभिदाय की वसूली कर सकता है ।

परंतु यदि किसी आकस्मिक गलती या लिपिकीय भूल के कारण ऐसी कोई कटौती नहीं की गई हो, तो ऐसी कटौती निरीक्षक-सह-सुविधाकर्ता की लिखित सहमति से आगामी वेतन से की जा सकेगी ।

(2) किसी सदस्य के दैनिक, साप्ताहिक या पाक्षिक आधार पर भुगतान किए गए वेतन में से की गई कटौती को जोड़ा जाएगा ताकि मासिक कटौतियां दर्शाई जा सके ।

(3) इस स्कीम के अधीन नियोक्ता या ठेकेदार द्वारा कर्मचारी के वेतन से काटी गई कोई भी राशि, उस अभिदाय के भुगतान के उद्देश्य से उसे सौंपी गई मानी जाएगी, जिसके संबंध में वह कटौती की गई थी।

23. चूक के लिए नुकसानी लगाना और वसूली. – यदि कोई नियोक्ता चूक करता है,

(क) निधि में किसी भी अभिदाय के भुगतान में जिसका वह संहिता के अध्याय-3 के अनुसार भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है, या
(ख) संहिता की धारा 143 की उपधारा (8) और (9) के अधीन अंतरित की जाने वाले संचय राशि के अंतरण में, या
(ग) इस स्कीम के उपबंधों के अधीन या संहिता की धारा 143 में विनिर्दिष्ट किसी भी शर्त के अधीन देय किसी भी प्रभार के भुगतान में,

केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त या केंद्रीय सरकार द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी, नीचे दी गई सारणी में बताई गई दरों के अनुसार नियोक्ता से नुकसानी के रूप में रकम वसूल कर सकता है, बशर्ते यह राशि बकाया रकम से अधिक न हो।

सारणी

क्रम संख्या	चूक की अवधि	नुकसानी की दर (प्रति माह बकाया राशि का प्रतिशत)
1	दो माह से कम	0.25%
2	दो माह से अधिक और 4 माह से कम	0.50%
3	चार माह से अधिक	1%

(2) 14 जून, 2024 से उप-पैरा (1) के अधीन विनिर्दिष्ट नुकसानी, कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम, 1952 के पैरा 32-क के अधीन विनिर्दिष्ट किसी चूक के मामले में भी लागू होगी।

अध्याय 6

कर्तव्य, प्ररूप और विवरणी

24. नियोक्ताओं के कर्तव्य. – (1) प्रत्येक नियोक्ता, इस स्कीम के स्थापना पर लागू होने के पंद्रह दिन के भीतर, आयुक्त को **प्रपत्र 5** में एक समेकित विवरण प्रस्तुत करेगा:

परंतु यदि कोई ऐसा कर्मचारी नहीं है जिसका निधि का सदस्य बनना आवश्यक है या जो सदस्य बनने का पात्र है, तो नियोक्ता 'शून्य' विवरण प्रस्तुत करेगा।

(2) प्रत्येक नियोक्ता प्रत्येक माह की समाप्ति के पंद्रह दिन के भीतर, इस उद्देश्य के लिए विनिर्दिष्ट पोर्टल पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपलोड करेगा—

(i) पिछले माह के दौरान पहली बार निधि के सदस्य बनने के लिए पात्र कर्मचारियों का विवरण;

(ii) ऐसे कर्मचारियों के संबंध में स्थापना के साथ यूएएन के लिंकेज के माध्यम से पिछले महीने के दौरान किसी अन्य स्थापना से स्थानांतरण के परिणामस्वरूप इस स्थापना में रोजगार ग्रहण करने पर निधि के सदस्यों के रूप में नामांकित कर्मचारियों का विवरण ।

(iii) यदि कोई कर्मचारी पोर्टल पर अपना यूएएन जनरेट करने में विफल रहता है, जिससे उसका सदस्य खाता जुड़ा होगा, तो नियोक्ता यूएएन जनरेट करने में कर्मचारी की सहायता करेगा।

(iv) किसी कर्मचारी के निधि का सदस्य बनने पर, प्रत्येक नियोक्ता ऐसे प्रत्येक सदस्य को केंद्रीय बोर्ड द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध कराई गई ई-पासबुक डाउनलोड करने के लिए आवश्यक डिजिटल सुविधा और तकनीकी सहायता प्रदान करेगा।

(v) प्रत्येक नियोक्ता प्रत्येक माह की समाप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर, पिछले माह के दौरान नियोक्ता की सेवा छोड़ने वाले कर्मचारियों का विवरण विनिर्दिष्ट पोर्टल पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपलोड करेगा।

(vi) संहिता के अधीन आने वाली किसी स्थापना के संबंध में प्रत्येक नियोक्ता, स्थापना के रजिस्ट्रीकरण के बाद, विनिर्दिष्ट पोर्टल पर पहचान प्रमाणित करने हेतु दस्तावेजी प्रमाण के साथ, अधिग्रहणकर्ताओं, निदेशकों, साझेदारों, प्रबंधक या किसी अन्य व्यक्ति, जिसका स्थापना के प्रशासन पर अंतिम नियंत्रण हो, का विवरण युक्त **प्रपत्र 6** में स्वामित्व विवरण फाइल करेगा।

(vii) प्रत्येक नियोक्ता, उस स्थापना के संबंध में जिस पर यह संहिता लागू होती है, उप पैरा (6) में उल्लिखित स्वामित्व से संबंधित विवरण में परिवर्तन होने पर पंद्रह दिन के भीतर, इस उद्देश्य के लिए विनिर्दिष्ट पोर्टल पर परिवर्तन संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा।

(viii) नियोक्ता स्थापना के प्रवेश द्वार पर और वेबसाइट पर स्वामित्व विवरण का सारांश प्रदर्शित करेगा;

(ix) नियोक्ता माह की समाप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर प्रत्येक कर्मचारी के लिए देय अभिदाय से संबंधित विवरण इलेक्ट्रॉनिक चालान-सह-वापसी **प्रपत्र 7** के माध्यम से विनिर्दिष्ट पोर्टल पर अपलोड करेगा और उसके पश्चात इस स्कीम के पैरा 28 के उप-पैरा 3 के अधीन विनिर्दिष्ट देय राशि का भुगतान करेगा।

(x) किसी स्थापना का नियोक्ता, समुचित सरकार द्वारा निर्धारित प्ररूप में, इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्य रूप में अभिलेखों और रजिस्टरों का रखरखाव करेगा जिसमें नियोजित व्यक्तियों, मस्टर रोल, वेतन के संबंध में ऐसी जानकारी और विवरण तथा ऐसी अन्य जानकारी और विवरण ऐसी रीति से जो संहिता की धारा 123 के खंड (क) में सूचीबद्ध समुचित सरकार द्वारा निर्धारित किया गया हों सम्मिलित होंगे।

(xi) नियोक्ता, कर्मचारियों/कर्मकारों के ब्यौरों और उन्हें किए गए भुगतानों से संबंधित सभी रजिस्टरों और लेखा पुस्तकों को, जो उस समय लागू किसी अन्य विधि के अधीन संधारित किए जाते हैं, विधिवत प्रमाणीकरण के साथ इलेक्ट्रॉनिक रूप में उपलब्ध कराएगा या इस संहिता के अधीन नियुक्त निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता को स्थापना के निरीक्षण के समय जांच हेतु भौतिक अभिलेख उपलब्ध कराएगा।

(xii) प्रत्येक नियोक्ता, जब भी आयुक्त या उसकी ओर से प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी या निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता ऐसा करने की अपेक्षा करे, तो अपने द्वारा नियोजित किसी भी कर्मचारी का रिकॉर्ड प्रस्तुत करेगा और यदि ऐसा करने की अपेक्षा की जाए, तो वह ऐसे रिकॉर्ड आयुक्त या प्राधिकृत अधिकारी या निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता को, जैसा भी मामला हो, निरीक्षण स्कीम के अधीन परिकल्पित प्रक्रिया के अनुसार सौंप देगा, जो यदि आवश्यक समझे तो उचित पावती के साथ रिकॉर्ड अपने पास रख सकता है।

(3) अंतर्राष्ट्रीय कर्मकार के मामले में,–

(i) प्रत्येक नियोक्ता, स्थापना पर इस स्कीम के लागू होने के पंद्रह दिनों के भीतर, आयुक्त द्वारा विनिर्दिष्ट प्ररूप में एक समेकित विवरणी आयुक्त को भेजेगा, जिसमें निधि का सदस्य बनने के लिए आवश्यक या पात्र प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय कर्मकार की राष्ट्रीयता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए उनके विवरण तथा ऐसे प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय कर्मकार को भुगतान किया गया वेतन दर्ज होगा:

परंतु यदि निधि का सदस्य बनने के लिए अनिवार्य या पात्र कोई भी अंतर्राष्ट्रीय कर्मकार न हो, तो नियोक्ता एक 'शून्य' विवरणी फाइल करेगा;

(ii) प्रत्येक नियोक्ता, प्रत्येक माह की समाप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर, इस प्रयोजन के लिए विनिर्दिष्ट पोर्टल पर इलेक्ट्रॉनिक रूप में निम्नलिखित विवरण अपलोड करेगा,—

(क) पूर्ववर्ती माह के दौरान पहली बार निधि का सदस्य बनने की पात्रता रखने वाले अंतर्राष्ट्रीय कर्मकारों का विवरण;

(ख) पूर्ववर्ती माह के दौरान किसी अन्य स्थापना से स्थानांतरित होने के परिणामस्वरूप, स्थापना में रोजगार ग्रहण करने पर निधि के सदस्य के रूप में नामांकित अंतर्राष्ट्रीय कर्मकारों का विवरण;

(ग) पूर्ववर्ती माह के दौरान नियोक्ता की सेवा छोड़ने वाले अंतर्राष्ट्रीय कर्मकारों का विवरण।

(4) इस पैरा में पहले से निहित किसी भी बात के होते हुए, केंद्रीय बोर्ड स्कीम के कार्यान्वयन के उद्देश्य से, नियोक्ताओं को सामान्य रूप से उपयुक्त समझे जाने वाले निदेश जारी करेगा, और प्रत्येक नियोक्ता का यह कर्तव्य होगा कि वह ऐसे निदेश का पालन करे।

25. कर्मचारी के कर्तव्य. — (1) निधि का सदस्य बनने के लिए आवश्यक या पात्र प्रत्येक व्यक्ति नियोक्ता या कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, जैसा भी मामला हो, को अपने बारे में विवरण प्रस्तुत करेगा, जिसमें आधार (वित्तीय और अन्य सहायिकियों, प्रसुविधाओं और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम 2016 की धारा 2 के खंड (क) में परिभाषित आधार संख्या, भारत में किसी भी अनुसूचित बैंक या सहकारी बैंक का आधार से जुड़ा बैंक खाता संख्या, आयकर अधिनियम, 2025 (2025 का 30) के अधीन जारी स्थायी खाता संख्या और सार्वभौमिक खाता संख्या सम्मिलित हैं।

(2) निधि का सदस्य बनने के लिए आवश्यक या पात्र प्रत्येक व्यक्ति आयुक्त को अपने परिवार के सदस्यों के बारे में विवरण प्रस्तुत करेगा, जिसमें आधार संख्या सम्मिलित है, ताकि इस उद्देश्य के लिए विनिर्दिष्ट पोर्टल पर नामांकन किया जा सके।

(3) निधि का सदस्य बनने के लिए आवश्यक या पात्र प्रत्येक व्यक्ति, संहिता या कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 या किसी अन्य मान्यता प्राप्त भविष्य निधि के अधीन अपने पूर्व रोजगार या सदस्यता का विवरण इस उद्देश्य के लिए विनिर्दिष्ट पोर्टल पर प्रस्तुत करेगा।

26. नियोक्ता द्वारा स्वामित्व और प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का विवरण प्रस्तुत किया जाना. – (1) किसी भी रजिस्ट्रीकृत स्थापना का प्रत्येक नियोक्ता, —

(i) **प्रपत्र 8** प्रस्तुत करेगा जिसमें शाखाओं और विभागों का विवरण हो, और शाखा के प्रशासन पर अंतिम नियंत्रण रखने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों का विवरण हो, साथ ही ऐसे व्यक्ति/व्यक्तियों की पहचान प्रमाणित करने वाले दस्तावेजी प्रमाण भी प्रस्तुत करेगा, जो स्थापनाओं के प्रशासन पर अंतिम नियंत्रण रखते हैं;

(ii) स्थापनाओं के कर्मचारियों में से अधिकतम पांच व्यक्तियों को नियोक्ता की ओर से दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने और विवरणी प्रस्तुत करने के लिए प्राधिकृत किया जा सकता है और ऐसे प्राधिकरण का विवरण **प्रपत्र 9** में प्रस्तुत किया जाएगा:

परंतु यह कि, बंदी, परिसमापन अथवा ऐसी ही अन्य परिस्थितियों में, जहाँ कोई अन्य व्यक्ति नियोजक के कर्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों का निर्वहन करता हो, ऐसा व्यक्ति किसी भी व्यक्ति को, चाहे वह स्थापन का कर्मचारी न हो, प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के रूप में प्राधिकृत कर सकेगा;

iii) ऐसे प्राधिकरण के होते हुए भी, नियोजक अथवा नियोजक के कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने वाला अन्य कोई व्यक्ति, यथास्थिति, संहिता तथा इस स्कीम के उपबंधों के अधीन उत्तरदायी बना रहेगा;

(iv) स्वामित्व तथा प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं के विवरणों में किसी भी परिवर्तन की सूचना प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अथवा जब भी कोई परिवर्तन हो, यथास्थिति, ऐसे परिवर्तन की तिथि से तीस दिनों के भीतर प्रस्तुत करेगा:

परंतु यह कि, जिस स्थापन पर संहिता के अधीन बनाई गई पेंशन स्कीम अथवा बीमा स्कीम, या कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 लागू होता है, उसके किसी नियोजक के मामले में उक्त प्ररूप को इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त माना जाएगा।

27. प्रधान नियोजक तथा संविदाकार के कर्तव्य. – (1) प्रधान नियोजक यह सुनिश्चित करेगा कि स्थापन का रजिस्ट्रीकरण किया गया है तथा इस प्रयोजन के लिए विनिर्दिष्ट पोर्टल पर **प्रपत्र 10** में नियोजित सभी संविदाकारों की घोषणा की गई है।

(2) संविदाकार, नियोजित संविदा कर्मचारी के संबंध में इस स्कीम के अधीन संदेय अभिदायों तथा प्रभारों के भुगतान के लिए प्रधान नियोजक के साथ संयुक्त तथा पृथक रूप से उत्तरदायी होगा और ऐसे अभिदाय तथा प्रभार इस स्कीम में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति से पूर्व प्रेषित किए जाएंगे।

(3) प्रत्येक संविदाकार, प्रत्येक माह की समाप्ति के दस दिनों के भीतर, प्रधान नियोजक को **प्रपत्र 11** में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ऐसे संविदा कर्मचारी का नाम, सर्वव्यापी खाता संख्या (यूनिवर्सल खाता संख्या), मजदूरी तथा संदेय अभिदायों की सूचना देगा।

(4) प्रधान नियोजक, प्रत्येक माह की समाप्ति के बीस दिनों के भीतर, आयुक्त को **प्रपत्र 12** में मासिक सार-संक्षेप प्रस्तुत करेगा, जिसमें संविदा कर्मचारी की मजदूरी से की गई वसूलियों की कुल राशि तथा ऐसे सदस्यों के संबंध में नियोजक द्वारा अभिदत्त कुल राशि दर्शाई जाएगी।

(5) यदि उप-पैरा (1), (3) तथा (4) के अधीन प्ररुप- (10), (11) तथा (12) में विनिर्दिष्ट सूचना ईपीएफओ द्वारा उपलब्ध कराए गए समर्पित पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध करा दी जाती है, तो इस संबंध में अनुपालन किया हुआ माना जाएगा।

28. अभिदायों आदि का भुगतान. – (1) नियोजक, किसी सदस्य को उस अवधि अथवा अवधि के भाग के संबंध में मजदूरी का भुगतान करने से पूर्व, जिसके लिए अभिदाय संदेय हैं, ऐसी मजदूरी से कर्मचारी का अभिदाय काट लेगा।

(2) नियोजक, कर्मचारी के अभिदाय के साथ-साथ, नियोजक का अभिदाय तथा मजदूरी के ऐसे प्रतिशत के प्रशासनिक प्रभार का भी भुगतान करेगा।

(3) नियोजक, प्रत्येक माह की समाप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर, अभिदायों तथा प्रशासनिक प्रभारों के खाते में संग्रहण हेतु प्राधिकृत इलेक्ट्रॉनिक भुगतान माध्यम द्वारा निधि में अभिदाय प्रेषित करेगा:

परंतु यह कि, केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त, लिखित रूप में अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से, किसी नियोजक या नियोजकों के वर्ग को किसी अन्य माध्यम से अभिदाय जमा करने की अनुमति दे सकेगा;

परंतु यह भी कि, असाधारण परिस्थितियों में केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त, नियोजक को विवरणियाँ प्रस्तुत करने तथा इलेक्ट्रॉनिक चालान-सह-विवरणी के माध्यम से अभिदाय और प्रभार जमा करने के लिए उपलब्ध विहित समय का विस्तार कर सकेगा।

29. प्रशासनिक प्रभारों या अन्य फीस का निर्धारण. – (1) केंद्रीय सरकार, केंद्रीय बोर्ड से परामर्श करके तथा निधि के उन संसाधनों को ध्यान में रखते हुए जो उसकी सामान्य प्रशासनिक व्ययों की पूर्ति के लिए उपलब्ध हों, पैरा 28 के उप-पैरा (2) के अधीन संदेय प्रशासनिक प्रभारों का प्रतिशत निर्धारित कर सकेगी।

(2) इस स्कीम के अधीन अपेक्षित किसी विवरणी को दाखिल करने में विलंब होने पर, नियोजक प्रति दिन पाँच सौ रुपये की विलंब फीस का भुगतान करने के लिए दायी होगाः

परंतु यह कि, संदेय कुल विलंब फीस उस माह के लिए नियोजक द्वारा देय प्रशासनिक प्रभारों की राशि से अधिक नहीं होगी, जिससे ऐसी विवरणी संबंधित है।

30. सदस्य के खाते का वार्षिक विवरण तथा ई-पासबुक. – (1) प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् यथाशीघ्र, आयुक्त इस प्रयोजन के लिए विनिर्दिष्ट पोर्टल पर इलेक्ट्रॉनिक प्ररूप में निधि में सदस्य के खाते का विवरण उपलब्ध कराएगा, जिसमें, अवधि के प्रारंभ में आदि अतिशेष, वर्ष के दौरान अभिदत्त राशि, अवधि के अंत में जमा किया गया अथवा अवधि के दौरान नामे डाली गई ब्याज की कुल राशि; तथा अवधि के अंत में अंत अतिशेष दर्शाए जाएंगे ।

(2) सदस्य वार्षिक विवरण की शुद्धता के संबंध में स्वयं को संतुष्ट करेंगे और यदि कोई त्रुटि हो तो पोर्टल पर विवरण के प्रकाशन की तारीख से तीन मास के भीतर उसकी सूचना आयुक्त को देंगे।

अध्याय-7

खातों का संधारण

31. चालू खाता. – आयुक्त नियोजकों से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त अभिदायों को, इंटरनेट बैंकिंग अथवा किसी अन्य माध्यम से, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय स्टेट बैंक या किसी अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा PayGov प्लेटफॉर्म अथवा भारत के अनुसूचित बैंकों, जिनमें निजी क्षेत्र के बैंक भी सम्मिलित हैं, के माध्यम से निधि के चालू खाते में जमा करेगा।

32. प्रशासन खाता. – निधि के सभी प्रशासनिक व्ययों के अभिलेखन के लिए, जिसमें ऐसे प्रशासनिक प्रभार भी सम्मिलित होंगे जिन्हें अधिरोपित करने के लिए निधि प्राधिकृत हो, "केंद्रीय प्रशासन खाता" नामक एक पृथक खाता स्थापित किया जाएगा।

33. भविष्य निधि खाता. – (1) इस स्कीम के प्रयोजनों के लिए एक भविष्य निधि खाता स्थापित किया जाएगा, जिसमें अभिदायों अथवा प्रभारों के रूप में प्राप्त समस्त राशियां जमा की जाएंगी तथा जिससे अभिदाताओं को देय सभी लाभों का भुगतान किया जाएगा।

(2) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के अधीन भविष्य निधि की सभी आस्तियां तथा दायित्व उप-पैरा (1) के अधीन गठित निधि को अंतरित कर दिए जाएंगे।

34. ब्याज खाता. – विक्रय अथवा विनियोगों से प्राप्त समस्त ब्याज, किराया तथा अन्य आय और, यदि कोई हो, तो शुद्ध लाभ अथवा हानि, प्रशासन खाते के लेन-देन को छोड़कर, "ब्याज खाते" में यथास्थिति जमा अथवा नामे खाता डाली जाएगी, प्रतिभूतियों तथा अन्य विनियोगों के क्रय-विक्रय पर देय दलाली तथा कमीशन को, यथास्थिति, क्रय अथवा विक्रय मूल्य में सम्मिलित किया जाएगा और उसे पृथक रूप से "ब्याज खाते" में प्रभारित नहीं किया जाएगा।

35. कर्मचारी भविष्य निधि की धनराशियों का विनियोग. – (1) निधि की समस्त धनराशि भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय स्टेट बैंक अथवा केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित अन्य अनुसूचित बैंकों में जमा की जाएगी अथवा केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर दिए गए निदेशों के अधीन, भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 (1882 का 11) की धारा 20 में उल्लिखित या विनिर्दिष्ट प्रतिभूतियों में विनियोजित की जाएगी, परंतु यह कि, ऐसी प्रतिभूतियां भारत में पूंजी तथा ब्याज दोनों के संबंध में देय हों।

(2) किसी भी विनियोग के संबंध में किए गए समस्त व्यय तथा उससे उत्पन्न, यदि कोई हो, हानि निधि पर प्रभारित की जाएगी।

36. निधि का व्ययन. – (1) संहिता तथा इस स्कीम के उपबंधों के अधीन रहते हुए, प्रशासन खाते को छोड़कर निधि का उपयोग केंद्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी के बिना, किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जाएगा, सिवाय इसके कि निधि में व्यक्तिगत सदस्यों के खाते में उपलब्ध राशि अथवा उनके नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों, उत्तराधिकारियों या विधिक प्रतिनिधियों को इस स्कीम के प्रावधानों के अनुसार भुगतान किया जाए।

(2) निधि का संचालन ऐसे अधिकारियों द्वारा किया जाएगा जिन्हें इस प्रयोजन के लिए केंद्रीय बोर्ड द्वारा प्राधिकृत किया गया हो।

37. प्रशासन का व्यय. – (1) निधि के प्रशासन से संबंधित सभी व्ययों का वहन निधि द्वारा किया जाएगा।

(2) निधि के समस्त व्यय, जिनमें केंद्रीय बोर्ड के न्यासियों के शुल्क और भत्ते, वेतन, अवकाश और स्थानांतरण/नियुक्ति के समय भत्ते, यात्रा और प्रतिपूरक भत्ते, उपदान और अनुकंपा भत्ते, पेंशन, केंद्रीय बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों हेतु स्थापित भविष्य निधि और अन्य लाभ निधि में अभिदाय , खातों के संपरीक्षण की लागत, विधिक व्यय तथा केंद्रीय बोर्ड के संबंध में प्रयुक्त समस्त लेखन सामग्री और प्ररूपों की

लागत, कार्यालय भवनों और स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण से संबंधित लागत और व्यय सम्मिलित हैं, निधि के प्रशासनिक खाते से वहन किए जाएंगे।

38. लेखाओं के संधारण का स्वरुप तथा रीति. – निधि तथा प्रशासन खाते के लेखाओं का संधारण केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा, केंद्रीय बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट तथा केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित प्रारूप और रीति से किया जाएगा।

39. संपरीक्षा. – (1) निधि के लेखाओं, जिनमें प्रशासन खाते के लेखा भी सम्मिलित हैं, की संपरीक्षा केंद्रीय सरकार द्वारा भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक से परामर्श करके जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार की जाएगी।

(2) संपरीक्षा संबंधी सभी प्रभार प्रशासन खाते से वहन किए जाएंगे।

40. बजट. – (1) केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त, प्रत्येक वर्ष फरवरी मास के प्रथम पखवाड़े से पूर्व, केंद्रीय बोर्ड के समक्ष पृथक रूप से निम्नलिखित दर्शाने वाला बजट प्रस्तुत करेगा-

(i) अभिदायों तथा प्रशासनिक प्रभारों के उद्ग्रहण से संभावित प्राप्तियां; तथा

(ii) आगामी वित्तीय वर्ष के दौरान किए जाने हेतु प्रस्तावित व्यय।

(2) केंद्रीय बोर्ड द्वारा अनुमोदित बजट, उसके केंद्रीय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की तारीख से एक मास के भीतर केंद्रीय सरकार की मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

(3) केंद्रीय सरकार, बजट को मंजूरी प्रदान करने से पूर्व उसमें आवश्यक समझे जाने वाले संशोधन कर सकेगी।

(4) केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त, वर्ष के दौरान किसी भी समय, केंद्रीय सरकार द्वारा बजट में मंजूर निधियों का बजटीय पुनर्विनियोजन कर सकेगा:

परंतु यह कि-

(क) बजट में मंजूर कुल राशि से अधिक व्यय न हो;

(ख) ऐसा पुनर्विनियोजन केवल प्रशासनिक व्ययों की पूर्ति हेतु किया जाए, जिनका भुगतान प्रशासन खाते से किया जाना है; तथा

(ग) ऐसा प्रत्येक पुनर्विनियोजन केंद्रीय बोर्ड की अगली बैठक में उसके संज्ञानार्थ प्रस्तुत किया जाए।

(5) केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त किसी वित्तीय वर्ष के लिए अनुपूरक बजट केंद्रीय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करेगा, जिसमें ऐसे अपरिहार्य व्ययों के विस्तृत प्राक्कलन तथा कारण दिए जाएंगे, जो वर्ष के दौरान किए जाने संभावित हों और जिनके लिए स्वीकृत बजट में कोई उपबंध न किया गया हो तथा जिन्हें उप-पैरा (4) के अधीन समायोजित न किया जा सके।

(6) केंद्रीय बोर्ड द्वारा अनुमोदित अनुपूरक बजट, उसके केंद्रीय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की तारीख से एक मास के भीतर केंद्रीय सरकार की मंजूरी हेतु भेजा जाएगा।

(7) यदि किसी वित्तीय वर्ष में केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा स्वीकृत बजट से अधिक व्यय किया जाता है और वह उप-पैरा (4) तथा (5) के अधीन आच्छादित नहीं है, तो ऐसे अतिरिक्त व्यय की स्थापना होते ही उसे केंद्रीय बोर्ड के विचारार्थ तथा केंद्रीय सरकार की मंजूरी प्राप्त करने हेतु बिना विलंब रिपोर्ट किया जाएगा।

41. सदस्यों के खाते. – (1) निधि में प्रत्येक सदस्य के नाम से एक खाता खोला जाएगा, जिसमें निम्नलिखित जमा किए जाएंगे-

(i) सदस्य द्वारा किए गए अभिदाय ;

(ii) सदस्य के संबंध में नियोजक द्वारा किए गए अभिदाय ; तथा

(iii) पैरा 42 में विनिर्दिष्ट ब्याज।

(2) खाते की सभी मदों की गणना निकटतम रुपये तक की जाएगी; (पचास पैसे या उससे अधिक राशि को अगले पूर्ण रुपये के रूप में गिना जाएगा तथा पचास पैसे से कम राशि को उपेक्षित कर दिया जाएगा।)

42. ब्याज. – (1) आयुक्त प्रत्येक सदस्य के खाते में केंद्रीय सरकार द्वारा केंद्रीय बोर्ड से परामर्श करके निर्धारित दर से निम्नलिखित रीति से ब्याज जमा करेगा, अर्थात्: -

(क) सदस्य के खाते में मासिक चालू शेष के आधार पर प्रत्येक वर्ष के अंतिम दिन से प्रभावी ब्याज जमा किया जाएगा :-

(i) पूर्ववर्ती वर्ष के अंतिम दिन सदस्य के खाते में जमा राशि पर, चालू वर्ष के दौरान निकाली गई राशि घटाने के पश्चात्, बारह मास का ब्याज;

(ii) चालू वर्ष में निकाली गई राशियों पर, चालू वर्ष के प्रारंभ से लेकर निकासी के माह के पूर्ववर्ती माह के अंतिम दिन तक का ब्याज;

(iii) पूर्ववर्ती वर्ष के अंतिम दिन के पश्चात् सदस्य के खाते में जमा की गई सभी राशियों पर, जमा किए जाने वाले माह के अगले माह के प्रथम दिन से चालू वर्ष के अंत तक का ब्याज;

(iv) ब्याज की कुल राशि को निकटतम रुपये तक पूर्णांकित किया जाएगा; पचास पैसे या उससे अधिक को अगले पूर्ण रुपये के रूप में गिना जाएगा।

(ख) यदि पैरा 49 अथवा पैरा 50 के अधीन प्रत्याहरण का दावा किया गया हो, तो ब्याज उस तारीख तक देय होगा जिस दिन अंतिम भुगतान प्राधिकृत किया जाता है, चाहे दावा संबंधित दावेदार से किसी भी तारीख को प्राप्त हुआ हो।

परंतु यह कि, चालू वर्ष में प्रत्याहरण संबंधी दावों पर अनुज्ञात ब्याज की दर वही होगी जो उस वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित की गई हो जिसमें प्रत्याहरण प्राधिकृत किया गया है।

परंतु यह भी कि, यदि चालू वर्ष के लिए घोषित ब्याज दर कर्मचारी भविष्य निधि की अंतिम घोषित ब्याज दर से कम हो, तो अंतरराशि निर्गत सदस्यों को बोनस के रूप में संचित होगी तथा वर्षांत में चालू वर्ष की ब्याज दर निर्धारित करने हेतु गणना में सम्मिलित की जाएगी और इस पर किए गए दावों का निपटान अंतिम होगा ।

स्पष्टीकरण -(क) यदि कोई स्थापन चालू वर्ष के दौरान पहली बार संहिता के अधीन आच्छादित होता है, तो सदस्य के खाते में जमा की गई सभी राशियों पर, जमा किए जाने वाले माह के अगले माह के प्रथम दिन से चालू वर्ष के अंत तक ब्याज अनुज्ञात होगा।

(ख) यदि छूट के रद्द किए जाने या समर्पण के परिणामस्वरूप पूर्व संचयों का अंतरण किया जाता है तथा स्थापन पहली बार इस स्कीम के अधीन आच्छादित होता है, तो सदस्य के खाते में जमा की गई सभी राशियों पर उसी प्रकार ब्याज अनुज्ञात होगा।

(2) सदस्यों के खातों में जमा की गई ब्याज की कुल राशि "ब्याज खाते" में नामे डाली जाएगी।

(3) ब्याज की दर निर्धारित करते समय केंद्रीय सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सदस्यों के खातों में जमा ब्याज के कारण ब्याज स्थगित खाते में कोई अधिक आहरण न हो।

(4) यदि कोई सदस्य लिखित रूप में आयुक्त को सूचित करता है कि वह ब्याज प्राप्त नहीं करना चाहता, तो उसके खाते में ब्याज जमा नहीं किया जाएगा। तथापि, यदि पश्चात में वह ब्याज की मांग करता है, तो उसके अनुरोध की तारीख से प्रचलित अवधि के प्रथम दिन से प्रभावी रूप में ब्याज उसके खाते में जमा किया जाएगा।

(5) जिस तारीख को किसी सदस्य का खाता पैरा 54 के अधीन निष्क्रिय हो जाता है, उस तारीख से उसके खाते में ब्याज जमा नहीं किया जाएगा।

अध्याय-8

अंतरण, नामनिर्देशन, भुगतान तथा प्रत्याहरण

43. सदस्यता का अंतरण. – (1) जहाँ निधि का कोई सदस्य किसी स्थापन में अपना नियोजन छोड़कर-

(i) ऐसे अन्य स्थापन में नियोजन प्राप्त करता है जिस पर यह स्कीम लागू होती है; या

(ii) किसी छूट प्राप्त स्थापन में नियोजन प्राप्त करता है; या

(iii) ऐसे स्थापन में नियोजन प्राप्त करता है जिस पर संहिता का अध्याय-3 लागू नहीं होता, परंतु जिसकी अपनी भविष्य निधि स्कीम है, तो वह अभिहित पोर्टल पर आवेदन करके अपने वर्तमान खाते से नए खाते में भविष्य निधि शेष का अंतरण करा सकेगा।

(2) जहाँ कोई कर्मचारी-

(i) ऐसे स्थापन का नियोजन छोड़ता है जिस पर अध्याय-3 लागू नहीं होता; या

(ii) किसी छूट प्राप्त स्थापन का नियोजन छोड़ता है,

और तत्पश्चात् ऐसे स्थापन में नियोजन प्राप्त करता है जिस पर अध्याय-3 या यह स्कीम लागू होती है, तो वह केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारूप और रीति से आवेदन करके अपनी भविष्य निधि शेषराशि का निधि में अंतरण करा सकेगा।

परंतु भविष्य निधि खाते के सदस्य की पहचान आनलाइन माध्यम से पुष्ट नहीं हो पाने की स्थिति में नियोक्ता सदस्य की पहचान की पुष्टि करने के पश्चात् अंतरण हेतु आवेदन आयुक्त को अग्रेषित करेगा।

(3) सदस्य की पहचान तथा भविष्य निधि खाते के स्वामित्व की पुष्टि विहित प्रक्रिया के अनुसार हो, इस शर्त के अध्यधीन रहते हुए आयुक्त निधियों के स्वचालित अंतरण की सुविधा उपलब्ध करा सकेगा।

परंतु भविष्य निधि खाते के सदस्य की पहचान ऑनलाइन माध्यम से पुष्ट नहीं हो पाने की स्थिति में नियोक्ता सदस्य की पहचान की पुष्टि करने के पश्चात अंतरण हेतु आवेदन आयुक्त को अग्रेषित करेगा।

44. नामनिर्देशन. – (1) प्रत्येक सदस्य, अभिहित पोर्टल पर, एक घोषणा करेगा कि एक नामनिर्देशन जो, उसके खाते में जमा रकम के संदेय होने से पूर्व या जहां संदाय किए जाने से पूर्व रकम संदेय हो गई है, उसकी मृत्यु की दशा में, उसके खाते में जमा रकम प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करेगा ।

(2) सदस्य अपने नामनिर्देशन में, निधि में अपने खाते में जमा रकम को, अपने विवेकानुसार, अपने नामनिर्देशितीयों के बीच वितरित करेगा।

(3) यदि नामनिर्देशन के समय सदस्य का परिवार है तो नामनिर्देशन उसके परिवार से संबंधित एक या अधिक व्यक्तियों के पक्ष में होगा तथा ऐसे सदस्य द्वारा अपने परिवार से संबंध न रखने वाले किसी व्यक्ति के पक्ष में किया गया नामनिर्देशन अविधिमान्य होगा।

परंतुक कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम ,1952 के अनुसार किसी सदस्य द्वारा किया गया कोई भी नामनिर्देशन उस सीमा तक शून्य होगा, जहां तक इस स्कीम के उपबंधों से असंगत है और सदस्य से इस स्कीम के अनुसार नामनिर्देशन फाइल करना अपेक्षित होगा।

परंतुक यह भी कि सदस्य द्वारा विवाह होने पर एक नया नामनिर्देशन किया जाएगा और ऐसे विवाह से पहले किए गए किसी भी नामनिर्देशन को शून्य माना जाएगा।

(4) जहां नामनिर्देशन करते समय सदस्य का कोई परिवार नहीं है, तो नामनिर्देशन किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों के पक्ष में किया जा सकता है, किन्तु यदि सदस्य का बाद में परिवार बन जाता है, तो ऐसा नामनिर्देशन तत्काल अविधिमान्य माना जाएगा और सदस्य को अपने परिवार के सदस्यों के पक्ष में एक नया नामनिर्देशन करना होगा।

(5) जहां नामनिर्देशन पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से अवयस्क के पक्ष में है, इस प्रकार नियुक्त नामनिर्देशिती और संरक्षक से पहले ही सदस्य की मृत्यु होने की दशा में, सदस्य परिवार में से किसी वयस्क व्यक्ति को नामनिर्देशिती अवयस्क का संरक्षक नियुक्त कर सकता है।

परंतुक जहां परिवार में कोई वयस्क व्यक्ति नहीं है, तो सदस्य किसी अन्य व्यक्ति को नामनिर्देशिती अवयस्क व्यक्ति का संरक्षक नियुक्त कर सकेगा।

(6) उप-पैरा(1) के अधीन किया गया नामनिर्देशन सदस्य द्वारा किसी भी समय ई-नामनिर्देशन पोर्टल पर उपांतरित किया जा सकता है।

(7) यदि नामनिर्देशिती की सदस्य से पहले मृत्यु हो जाती है तो नामनिर्देशिती के सारे हित सदस्य को वापस मिल जाएंगे, जो ऐसे हित के संबंध में नया नामनिर्देशन कर सकेगा।

(8) कोई नामनिर्देशन या उसमें किया गया उपांतरण, उस तारीख से प्रभावी माना जाएगा कि वह विधिमान्य है जिस तारीख को वह आयुक्त द्वारा प्राप्त किया गया हो।

45. विद्यमान सदस्यों की जीवन बीमा पॉलिसी का वित्तपोषण. – (1) इस स्कीम में किसी बात के होते हुए भी, कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम, 1952 के पैरा 62 से 67 के उपबंधों के अधीन इस स्कीम के प्रारंभ के समय पर वित्तपोषित की जा रही कोई भी सक्रिय जीवन बीमा पॉलिसी, उसमें विनिर्दिष्ट निबंधनो और शर्तों के अनुसार वित्तपोषित होती रहेंगी।

(2) कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ऐसी सक्रिय पॉलिसी के प्रीमियम के संदाय की प्रक्रिया और सुविधा प्रदान करना जारी रखेगा, और इन पॉलिसियों के अधीन सभी फायदे, पॉलिसी के निबंधनों के अनुसार परिपक्वता या समाप्ति तक संदेय होंगे।

परंतुक कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम , 1952, के पैरा 62 से 67 के उपबंधों के अधीन इस स्कीम के प्रारंभ के समय पर वित्तपोषित हो रही सभी निष्क्रिय जीवन बीमा पॉलिसी को तत्काल सदस्य को पुन: समनुदेशित कर दिया जाएगा।

परंतु यह भी कि यदि पहले परंतुक के अनुसार पॉलिसी पुन: समनुदेशित करने से पूर्व ही सदस्य की मृत्यु हो जाने की दशा में आयुक्त हस्ताक्षरित पॉलिसी पर पृष्ठांकन द्वारा, जीवन बीमा निगम के पते पर पुन: समनुदेशन के नोटिस के साथ, उस पॉलिसी को सदस्य के नामनिर्देशिती, यदि कोई विधिमान्य नामनिर्देशन है तो, और यदि ऐसा कोई नामनिर्देशिती नहीं है तो उस व्यक्ति को जो उसे प्राप्त करने का विधिक रूप से हकदार है, को पुनः समनुदेशित करेंगे।

46. निधि से आंशिक प्रत्याहरण. – (1) आयुक्त, अभिहित पोर्टल पर किसी सदस्य से प्राप्त आवेदन पर और उप-पैरा (2), (3) और (4) में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों तथा पात्रता और आवृत्ति के अधीन रहते हुए, तथा सदस्य के खाते में न्यूनतम अतिशेष बनाए रखने की अपेक्षा को ध्यान रखते हुए, उस सदस्य के भविष्य निधि खाते में जमा रकम में से आंशिक प्रत्याहरण जो प्रयोजनों हेतु एक हज़ार रुपए से अन्यून ना हो, की स्वीकृति दे सकता है ।

स्पष्टीकरण: इस पैरा के प्रयोजनों के लिए, (क) "न्यूनतम अतिशेष" से निधि में किए गए कुल अभिदाय (जिसमें कर्मचारी और नियोक्ता दोनों का हिस्सा और उस पर मिलने वाला ब्याज सम्मिलित है) के सकल के **पच्चीस प्रतिशत** के बराबर की वह रकम, जो ऐसे प्रत्याहरण की तारीख को सदस्य के खाते में जमा हो, जो इस पैरा के अधीन किए गए किसी भी आंशिक प्रत्याहरण के प्रभावी होने के पश्चात् भी सदस्य के खाते में जमा रहेगी; और

(2) एक सदस्य को निधि में उसके खाते से, निम्नलिखित प्रयोजनें के लिए और विनिर्दिष्ट सीमा तक, प्रत्याहरण की अनुमति दी जा सकती है :

(क) स्वयं और परिवार के सदस्यों की बीमारी की दशा में, निधि की कुल बारह मास की सदस्यता पूरी होने के पश्चात, पात्र सदस्य अतिशेष रकम के सौ प्रतिशत तक की रकम;

(ख) स्वयं और परिवार के सदस्यों की शिक्षा के लिए, निधि की कुल बारह मास की सदस्यता पूरी होने के पश्चात, पात्र सदस्य अतिशेष रकम के सौ प्रतिशत तक और इस खाते में आंशिक प्रत्याहरण, निधि की सदस्यता की अवधि के दौरान दस बार से अधिक नहीं होगा ।

(ग) स्वयं और परिवार के सदस्यों के विवाह के लिए, निधि की कुल बारह मास की सदस्यता पूरी होने के पश्चात, पात्र सदस्य अतिशेष रकम के सौ प्रतिशत तक और इस खाते में आंशिक प्रत्याहरण, निधि की सदस्यता की अवधि के दौरान पांच बार से अधिक नहीं होगा।

(3) आवास संबंधी अपेक्षाओं के लिए, एक सदस्य को निधि में अपने खाते से, निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए और नीचे विनिर्दिष्ट सीमा तक, आंशिक प्रत्याहरण की अनुमति दी जा सकती है:

(i) फ्लैट, मकान की खरीद ;

(ii) मकान निर्माण के लिए भूखंड ;

(iii) मकान का निर्माण

(iv) फ्लैट या मकान की खरीद या निर्माण,या भूमि के अर्जन हेतु लिए गए गृह ऋण को चुकाने के लिए; तथा

(v) विद्यमान मकान या फ्लैट में अतिरिक्त निर्माण,परिवर्तन,नवीनीकरण या सुधार के लिए;

परंतुक ऐसे प्रत्याहरण की रकम , निधि की कुल बारह मास की सदस्यता के पूरा होने के पश्चात पात्र सदस्य अतिशेष के सौ प्रतिशत से अधिक नहीं होगा और इस खाते में आंशिक प्रत्याहरण, सदस्यता की अवधि के दौरान पांच बार से अधिक नहीं होगा;

(4) एक सदस्य को, विशेष परिस्थितियों में, निधि की कुल बारह मास की सदस्यता के पूरा होने के पश्चात पात्र सदस्य अतिशेष के सौ प्रतिशत तक, निधि में इस खाते से आंशिक प्रत्याहरण की अनुमति दी जा सकती है; और इस खाते से आंशिक प्रत्याहरण, एक वित्तीय वर्ष में दो बार से अधिक नहीं होगा।

(5) बारह मास की सदस्यता पूरी करने से पूर्व रोजगार छोड़ने वाले सदस्य भी इस पैरा के अधीन आंशिक प्रत्याहरण के उपभोग के लिए पात्र होगा, बशर्ते कि ऐसी प्रत्याहरण की रकम, ऐसे प्रत्याहरण की तारीख को पात्र सदस्य अतिशेष से अधिक नहीं होगी।

(6) उप-पैरा (2), (3) और (4) के अधीन आंशिक प्रत्याहरण के उपभोग के लिए अनुमत संख्या की गणना प्रत्येक सदस्य के संबंध में इस स्कीम के प्रारंभ होने की तारीख को और से नए सिरे से की जाएगी।

स्पष्टीकरण: इस पैरा के प्रयोजन के लिए, "पात्र सदस्य अतिशेष" से बनाए रखने के लिए आवश्यक न्यूनतम अतिशेष को घटाने के पश्चात निधि में सदस्य के खाते में जमा रकम अभिप्रेत है।

47. सदस्यता की अवधि की गणना. – आंशिक प्रत्याहरण के लिए निधि की सदस्यता की अवधि की गणना में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे-

(i) उन पर यह स्कीम लागू होने से पूर्व, किसी कारखाने या स्थापन के एक ही नियोजक के अधीन अंतराल की अवधियों को छोड़कर कुल सेवा;

(ii) निधि की सदस्यता की अवधियाँ;

(iii) छूट प्राप्त कारखानों या स्थापनों के निजी भविष्य निधि की सदस्यता की अवधियाँ; और

(iv) निधि की वर्तमान सदस्यता से ठीक पहले, संहिता की धारा 143 के अधीन छूट प्राप्त कर्मचारी के रूप में सदस्यता की अवधियाँ:

परंतु सदस्य ने ऐसी अवधि के दौरान अपने भविष्य निधि का प्रत्याहरण करके सदस्यता को समाप्त नहीं किया है।

48. आंशिक प्रत्याहरण का संदाय. – स्कीम के पैरा 46 के अधीन स्वीकृत किसी भी आंशिक प्रत्याहरण का संदाय, सदस्य के विकल्प पर, किसी भी अनुसूचित बैंक में या सहकारी बैंक (शहरी सहकारी बैंक सहित) या किसी भी डाकघर में प्राप्तकर्ता के बैंक खाते में जमा किया जाए।

49. परिस्थितियां जिनमें निधि में संचित रकम सदस्य को संदेय हैं. – (1) सदस्य निधि में अपने खाते में जमा पूरी रकम निकाल सकता है –

(i) पचपन वर्ष की आयु प्राप्ति पर सेवानिवृत्ति होने परः

परंतुक कोई सदस्य जिसने उसकी सेवा की समाप्ति के समय पचपन वर्ष की आयु प्राप्त नहीं की है और यदि निधि के संदाय को प्राधिकृत करने से पूर्व उसकी आयु पचपन वर्ष की हो जाती है तो वह निधि में जमा उसकी सम्पूर्ण रकम के प्रत्याहरण का हकदार होगा।

(ii) स्थापन के चिकित्सा अधिकारी या जहां स्थापना में नियमित चिकित्सा अधिकारी न हो तो स्थापना द्वारा आभिहित रजिस्ट्रीकृत चिकित्सक व्यवसायी द्वारा सम्यक रूप से प्रमाणित किए जाने पर शारीरिक और मानसिक दुर्बलता के कारण स्थाई और पूर्ण रूप से कार्य करने में अक्षमता के कारण सेवानिवृत्ति होने पर;

(iii) विदेश में स्थाई रूप से बसने के लिए या विदेश में रोजगार प्राप्त करने के लिए भारत से प्रवास से ठीक पहलेः

(iv) व्यष्टिक या सामूहिक छंटनी की दशा में सेवा की समाप्ति पर;

(v) नियोजक और कर्मचारियों द्वारा पारस्परिक करार से बनाई गई स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम के अधीन सेवा समाप्ति पर;

(vi) निम्नलिखित में से किसी भी आकस्मिक स्थिति में, परंतु वास्तविक संदाय केवल उस तारीख से ठीक पहले की कम-से-कम दो मास की निरंतर अवधि पूरी होने के पश्चात् ही किया जाएगा, जिस तारीख को कोई सदस्य प्रत्याहरण के लिए आवेदन करता है:-

(क) जहां कारखाना या अन्य स्थापन बंद हो जाता है, किंतु कतिपय ऐसे कर्मचारी जिनकी छंटनी नहीं की गई है, नियोजक द्वारा अन्य कारखाने या स्थापन में स्थानांतरित कर दिए जाते हैं , जो संहिता के अधीन नहीं आता है;

(ख) जहां किसी सदस्य को कवर कारखाने या अन्य स्थापन से दूसरे कारखाने या अन्य स्थापन में स्थानांतरित किया जाता है जो संहिता के अधीन कवर नहीं है, लेकिन उसी नियोजक के अधीन है; तथा

(ग) जहां किसी सदस्य को सेवामुक्त कर दिया जाता है तथा उसे औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का 35) के अधीन छंटनी का प्रतिकर दिया जाता है या;

स्पष्टीकरण - उप-पैरा (1) के खंड (ii) के प्रयोजन के लिए:

(क) जहां कोई स्थापन बंद हो गया हो, वहां किसी भी रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी का प्रमाण पत्र स्वीकार किया जा सकता है;

(ख) जहां स्थापन में कोई चिकित्सा अधिकारी नहीं हो, वहां नियोजक स्थापन के आस-पास रहने वाले किसी रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी को अभिहित करेगा;

(ग) जहां स्थापन कर्मचारी राज्य बीमा स्कीम के अधीन हो वहां कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी या उस बीमा चिकित्सा व्यवसायी जिसके पास वह उस स्कीम के अधीन रजिस्ट्रीकृत हो, से चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाएगा :

परंतु जहां कर्मचारियों और नियोजकों के पारस्परिक करार से, किसी स्थापन या स्थापनों के समूह के लिए कोई चिकित्सीय बोर्ड विद्यमान हो, वहां ऐसे चिकित्सीय बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र को भी इस पैरा के प्रयोजन के लिए स्वीकार किया जा सकता है:

परंतु यह और कि जहां सदस्य द्वारा प्रस्तुत मूल प्रमाण पत्र की मौलिकता पर संदेह उत्पन्न होता है, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त सदस्य से किसी सिविल सर्जन या उसके निमित काम कर रहे किसी भी चिकित्सक से नया प्रमाण पत्र लाने की मांग कर सकता है :

परंतु यह भी कि जहां सिविल सर्जन या उसके निमित काम कर रहे किसी भी चिकित्सक के निष्कर्ष मूल प्रमाण पत्र से मेल खाते हों, तो उस सिविल सर्जन या उसके निमित काम कर रहे किसी भी चिकित्सक के पूरी फीस का संदाय निधि से किया जाएगा तथा जहां पर ऐसे निष्कर्ष मूल प्रमाण पत्र से मेल नहीं खाते हों तो केवल आधी फीस ही निधि से संदत्त की जाएगी तथा शेष आधी फीस सदस्य के खाते से काटी जाएगी।

(घ) जहां सदस्य क्षय रोग या कुष्ठ रोग या कैंसर से पीड़ित हो, चाहे उसे ये बीमारी बीमार होने के आधार पर, स्थापन की सेवा छोड़ने के पश्चात हुई हो, किन्तु संदान प्राधिकृत करने से पूर्व हुई हो, तो वह कार्य करने में पूर्ण तथा स्थाई रूप से असमर्थ माना जाएगा।

(2) उप-पैरा (1) में विनिर्दिष्ट से भिन्न की दशा में, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त या उनके द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी, किसी सदस्य को उस निधि में जमा पूरी रकम प्रत्याहरण की अनुमति दे सकता है, जब वह किसी ऐसे स्थापन में कर्मचारी नहीं रह जाता है जिस पर यह संहिता लागू होती है:

परंतु कोई सदस्य प्रत्याहरण का पात्र तब तक नहीं होगा, जब तक कि वह आवेदन की दिनांक से ठीक पहले लगातार कम से कम बारह मास की अवधि तक किसी ऐसी प्रत्याहरण के या अन्य स्थापन में नियोजित न रहा हो, जिस पर यह संहिता लागू होती है:

परंतु यह और कि विवाह करने के प्रयोजन से स्थापन की सेवाओं से त्यागपत्र देने वाली महिला सदस्यों की दशा में प्रतीक्षा अवधि की अपेक्षा लागू नहीं होगी।

(3) कोई भी सदस्य, जो उप-पैरा (2) के अधीन संदेय रकम का प्रत्याहरण करता है, यदि वह किसी अन्य स्थापना में फिर से नौकरी प्राप्त करता है जिस पर यह स्कीम लागू होती है, तो उसे निधि की सदस्यता के लिए फिर से अर्हता प्राप्त करनी होगी; और सदस्यता के लिए अर्हता प्राप्त करने पर, उसे उस निधि का एक नया सदस्य माना जाएगा।

50. मृतक सदस्य की जमा रकम किसे संदेय है. – किसी सदस्य की जमा रकम के संदेय होने से पूर्व या जहां रकम संदेय हो चुकी हो, परन्तु संदाय किए जाने से पूर्व सदस्य की मृत्यु हो जाने पर-

(i) यदि सदस्य द्वारा स्कीम के पैरा 44 के अनुसार किया गया कोई नामनिर्देशन अभी भी मान्य है, तो निधि में उसके खाते में जमा रकम, या उसका वह हिस्सा जिससे नामनिर्देशन संबंधित है, ऐसे नामनिर्देशन के अनुसार उसके नामनिर्देशिति को संदेय हो जाएगा; या

(ii) यदि नामनिर्देशन न हो या नामनिर्देशन निधि में उसकी जमा रकम के किसी भाग से संबंधित हो तो यथास्थिति वह पूरी रकम या वह भाग जो नामनिर्देशन से संबंधित नहीं है, उसके परिवार के सदस्यों को निम्नलिखित रीति में बराबर हिस्सों में संदेय होगा, अर्थात् :-

(क) पति/पत्नी;

(ख) कर्मचारी पर आश्रित कोई अवयस्क विधिमान्य या दत्तक पुत्र;

(ग) अविवाहित पुत्री जो पूरी तरह से कर्मचारी की आय पर निर्भर है

(घ) कोई ऐसा बालक जो किसी भी शारीरिक या मानसिक असामान्यता या चोट के कारण अशक्त है, और जब तक अशक्तता बनी रहती है, तब तक वह पूरी तरह से कर्मचारी की आय पर निर्भर हो ;

(ङ) महिला कर्मचारी के आश्रित माता-पिता, जिनमें ससुर और सास भी सम्मिलित हैं;

(च) कर्मचारी अविवाहित होने की दशा में और उसके माता-पिता जीवित नहीं हैं, अवयस्क भाई या बहन जो पूरी तरह से सदस्य की आय पर निर्भर हो ;

(iii) किसी भी ऐसे अन्य दशा में, जिस पर खंड (i) और (ii) के उपबंध लागू नहीं होते हैं, मृतक सदस्य के खाते में जमा पूरी रकम उस व्यक्ति को संदेय होगी जो विधिक रूप से इसका हकदार है।

स्पष्टीकरण : इस पैरा के प्रयोजन के लिए, किसी सदस्य की मृत्यु के पश्चात् जन्मे बालक को, यदि वह जीवित पैदा होता है, तो उसी तरह माना जाएगा जिस तरह सदस्य की मृत्यु से पहले जन्मे जीवित बालक को माना जाता।

51. अंतर्राष्ट्रीय कर्मकारों की निधि के संचयन का संदाय. – (1) कोई अंतर्राष्ट्रीय कर्मकार निधि में अपने खाते में जमा संपूर्ण रकम को निम्नलिखित परिस्थितियों में प्रत्याहरित कर सकता है,—

(क) अट्ठावन वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात किसी भी समय स्थापन की सेवा से सेवानिवृत्ति पर;

(ख) शारीरिक या मानसिक दुर्बलता के कारण कार्य के लिए स्थायी और पूर्ण अक्षमता के आधार पर सेवानिवृत्ति पर, जो स्थापन के चिकित्सा अधिकारी द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित हो, या जहाँ स्थापन में कोई नियमित चिकित्सा अधिकारी न हो, वहाँ स्थापन द्वारा अभिहित किसी रजिस्ट्रीकृत चिकित्सक द्वारा प्रमाणित हो:

परंतु कि—

(i) जहाँ कोई स्थापन बंद कर दिया गया हो, वहाँ किसी भी रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी का प्रमाण पत्र स्वीकार किया जा सकेगा;

(ii) जहाँ स्थापन कर्मचारी राज्य बीमा स्कीम द्वारा कवर किया जाता है, वहाँ कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय के चिकित्सा अधिकारी या उस बीमा चिकित्सा व्यवसायी से प्राप्त चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाएगा जिसके पास कर्मचारी इस स्कीम के अधीन रजिस्ट्रीकृत है;

(iii) जहाँ नियोजकों और कर्मचारियों के पारस्परिक करार द्वारा किसी स्थापन या स्थापनों के समूह के लिए एक चिकित्सा बोर्ड विद्यमान हो, वहाँ ऐसे चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र भी स्वीकार किया जा सकेगा।

(2) क्षेत्रीय आयुक्त, सदस्य से सिविल सर्जन या उसके निमित कार्य करने वाले किसी चिकित्सक से एक नया प्रमाण पत्र मांग सकते हैं, जहाँ उप-पैराग्राफ (1) के खंड (ख) के अधीन प्रस्तुत मूल प्रमाण पत्र की वास्तविकता के संबंध में संदेह उत्पन्न होता है:

परंतु यदि निष्कर्ष मूल प्रमाण पत्र के अनुरूप होते हैं, तो सिविल सर्जन या ऐसे चिकित्सक की फीस का संदाय निधि से किया जाएगा, और जहाँ ऐसे निष्कर्ष मेल नहीं खाते हैं, वहाँ आधी फीस का संदाय निधि से किया जाएगा तथा शेष आधी फीस सदस्य के खाते में नामे की जाएगी।

(3) क्षय रोग या कुष्ठ रोग या कैंसर से पीड़ित किसी सदस्य को कार्य के लिए स्थायी और पूर्ण रूप से अक्षम समझा जाएगा, भले ही वह बीमारी रुग्णता के आधार पर किसी स्थापन की सेवा छोड़ने के पश्चात किंतु संदाय प्राधिकृत होने से पूर्व हुई हो।

(4) भारत सरकार और किसी अन्य देश के मध्य किए गए सामाजिक सुरक्षा करार के अधीन आने वाले किसी सदस्य के संबंध में, संहिता के अधीन आने वाले किसी स्थापन में कर्मचारी न रहने पर संचित रकम संदेय होगी।

52. हत्या के अपराध में आरोपित व्यक्ति को संदाय. – (1) कोई व्यक्ति, जो निधि के किसी सदस्य की मृत्यु होने पर, मृतक सदस्य के भविष्य निधि की जमा रकम प्राप्त करने का पात्र है, पर उस सदस्य की हत्या करने या ऐसे अपराध को उत्प्रेरित करने का आरोप लगाया जाता है, तो भविष्य निधि में अपना हिस्सा प्राप्त करने का उसका दावा तब तक निलंबित रहेगा, जब तक कि उस अपराध के लिए उसके विरुद्ध शुरू की गई दांडिक कार्यवाही समाप्त नहीं हो जाती।

(2) यदि उप-पैरा (1) में विनिर्दिष्ट दांडिक कार्यवाही के समापन पर, यदि वह व्यक्ति-

(i) सदस्य की हत्या करने या हत्या के लिए उत्प्रेरित करने के लिये दोषी पाया जाता है तो उसे भविष्य निधि की जमा रकममें से हिस्सा प्राप्त करने से विवर्जित कर दिया जाएगा; जो मृतक सदस्य के अन्य पात्र सदस्यों, यदि कोई हों, को संदेय होगा; या

(ii) आरोप से बरी कर दिया जाता है, तो भविष्य निधि का हिस्सा व्यक्ति को संदेय होगा।

53. भविष्य निधि का संदाय. –(1) जब किसी सदस्य के खाते में जमा रकम संदाय योग्य हो जाती है, तो आयुक्त का यह कर्तव्य होगा कि वह इस स्कीम के अधीन शीघ्र संदाय करे।

(2) इस स्कीम के अधीन कोई नामनिर्देशिती नहीं है या ऐसी रकम पाने का हकदार कोई व्यक्ति नहीं है, तो आयुक्त ऐसी रकम का संदाय दावेदार को कर सकते हैं, यदि निधि में जमा रकम दस हज़ार रुपये से अधिक न हो और दावेदार के हकदार होने के बारे में जांच के पश्चात् समाधान हो जाए।

(3) किसी सदस्य के खाते में जमा रकम का कोई हिस्सा संदाय के लिए तैयार है और उस पर कोई विवाद या संदेह में है, तो आयुक्त उस हिस्से का तुरंत संदाय करेंगे जिस पर कोई विवाद या संदेह नहीं है और अतिशेष का समायोजन (एडजस्टमेंट) किया जाएगा।

(4) इस स्कीम के अधीन जिस व्यक्ति को रकम का संदाय किया जाना है, वह अवयस्क है और उसकी संपदा के लिए 'संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम, 1890' (1890 का 8) के अधीन कोई संरक्षक नियुक्त किया गया है, तो संदाय ऐसे संरक्षक को किया जाएगा।

(5) 'संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम, 1890' के अधीन कोई संरक्षक नियुक्त नहीं किया गया है, तो संदाय उस संरक्षक को किया जाएगा, यदि कोई हो, जिसे इस स्कीम के पैरा 44 के उप-पैरा (5) के अधीन नियुक्त किया गया है।

(6) 'संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम, 1890' या स्कीम के पैरा 44 के उप-पैरा (5) के अधीन कोई संरक्षक नियुक्त नहीं किया गया है, तो संदाय प्राकृतिक संरक्षक को किया जाएगा और प्राकृतिक संरक्षक के न होने पर, ऐसे व्यक्ति को किया जाएगा जिसे आयुक्त द्वारा किया जाएगा जहां रकम बीस हज़ार रुपये से अधिक न हो या केन्द्रीय बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा जहां रकम बीस हज़ार रुपये से ज़्यादा हो, अवयस्क का प्रतिनिधित्व करने वाला उचित व्यक्ति मानते हैं, और संदत रकम के लिए ऐसे व्यक्ति की रसीद ही इसके लिए पर्याप्त उन्मोचन (संदत की पुष्टि) होगा।

(7) इस स्कीम के अधीन जिस व्यक्ति को रकम संदत है, वह मानसिक रूप से अस्वस्थ (पागल) है और उसकी संपदा के लिए 'भारतीय पागलपन अधिनियम, 1912' (1912 का 4) के अधीन कोई प्रबंधक नियुक्त किया गया है, तो संदाय ऐसे प्रबंधक को किया जाएगा।

(8) जहाँ उप-पैरा (7) के अधीन ऐसा कोई प्रबंधक नियुक्त नहीं किया गया है, वहाँ संदाय मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति के प्राकृतिक संरक्षक को किया जाएगा और यदि ऐसा कोई प्राकृतिक संरक्षक नहीं है, तो संदाय उस व्यक्ति को किया जाएगा जिसे आयुक्त द्वारा किया जाएगा जहां रकम बीस हज़ार रुपये से अधिक नहीं है या केन्द्रीय बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा जहां रकम बीस हज़ार रुपये से अधिक है, उस व्यक्ति का सही प्रतिनिधि मानता है; और संदाय की गई रकम के लिए उस व्यक्ति की रसीद ही संदाय की पुष्टि के लिए पर्याप्त उन्मोचन होगा।

(9) यदि आयुक्त के ध्यान में यह बात आती है कि मृतक सदस्य के मरणोपरांत कोई बालक पैदा होने वाला है, तो आयुक्त उस रकम को रोककर रखेंगे जो बालक के जीवित पैदा होने की दशा में उसे मिलनी चाहिए, और बाकी रकम का वितरण कर देंगे।

(10) जहां तत्पश्चात् कोई बालक पैदा नहीं होता है या बालक मृत पैदा होता है, तो रोकी गई रकम का वितरण इस स्कीम के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(11) अंतर्राष्ट्रीय कर्मकार की दशा, जब सदस्य के खाते में जमा रकम संदाय के योग्य हो जाती है, तो-

(i) स्कीम में किए गए उपबंध के अनुसार तुरंत संदाय करना आयुक्त की ज़िम्मेदारी होगी।

(ii) भारत और किसी अन्य देश के बीच सामाजिक सुरक्षा करार के अधीन आने वाले सदस्य और फायदाग्राहियों के संबंध में देय रकम, संदाय पाने वाले के बैंक खाते में जमा की जाएगी।

(iii) अन्य सभी मामलों में, देय रकम भारत में संदाय पाने वाले के बैंक खाते में जमा की जाएगी।

(54) **दावों को फाईल करना. –** (1) प्रत्येक सदस्य सेवा छोड़ने के समय पर, इस स्कीम में अंतर्विष्ट उपबंधों के अधीन, इस प्रयोजन के लिए अभिहित पोर्टल पर दावा आवेदन फाईल कर सकता है।

(2) सदस्य द्वारा ई-नामनिर्देशन फाईल न करने की दशा में, नियोजक, सदस्य की मृत्यु होने पर, पात्र फायदाग्राहियों से दावा आवेदन प्राप्त करेगा और आवेदन प्राप्त होने के पांच दिन के भीतर, उसे अग्रेषित करेगा।

(3) यदि दावेदार किन्हीं भी तकनीकी कारणों से ऑनलाइन माध्यम से अभिहित पोर्टल पर दावा फाईल करने में असमर्थ होता है, तो दावाकर्ता वह दावा भौतिक प्ररूप में नियोजक को अग्रेषित कर सकता है, जो उसे, उचित सत्यापन और अनुप्रमाणन के पश्चात् आवेदन प्राप्ति के पांच दिन के भीतर, आयुक्त को प्रेषित करेगा।

(4) दावा आयुक्त को या उनके द्वारा इस निमित प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी को भेज सकता है, और यदि आयुक्त ऑनलाइन माध्यम से दावा दाखिल न करने के कारणों से संतुष्ट है तो आयुक्त या उनके द्वारा इस निमित प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी उस आवेदन को नियोजक को भेज सकते हैं और नियोजक को उचित सत्यापन और अनुप्रमाणन के पश्चात् आवेदन प्राप्ति के पांच दिन के भीतर, आयुक्त को वापस प्रेषित करना होगा।

(5) उस व्यक्ति जिसे संदाय किया जाना है, को संदाय, किसी भी अनुसूचित बैंक या सहकारी बैंक या डाकघर की इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल निधि अंतरण प्रणाली के माध्यम से किया जा सकता है।

(6) उप- पैरा (1) से (5) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए, केन्द्रीय बोर्ड, उचित समझी जाने वाली मौद्रिक सीमा के अधीन रहते हुए, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त या किसी अन्य अधिकारी को भविष्य निधि खाते से यथास्थिति सदस्य या पात्र फायदाग्राहियों, को दावे की प्राप्ति के बिना संदाय करने के लिए प्राधिकृत कर सकता है।

(7) सभी तरह से पूर्ण और आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ जमा किए गए दावों का निपटारा किया जाएगा और आयुक्त को दावे प्राप्त होने की तारीख से बीस दिनों के भीतर फायदाग्राहियों को फायदे की रकम का संदाय किया जाएगा।

(8) दावे में कोई कमी पाई जाती है, तो ऐसा आवेदन प्राप्त होने की दिनांक से बीस दिनों के भीतर दावाकर्ता को इसकी जानकारी दी जाएगी।

(9) आयुक्त बिना किसी ठोस कारण के, सभी तरह से पूर्ण दावे का निपटारा बीस दिनों के अंदर नहीं कर पाते हैं, तो उक्त अवधि के पश्चात् हुई देरी के लिए आयुक्त उत्तरदायी होंगे। ऐसी स्थिति में, फायदे की रकम पर वार्षिक 12% की दर से दांडिक ब्याज लगाया जा सकता है, जिसे आयुक्त के वेतन से काटा जाएगा।

(55) अप्रवर्तनीय खाता. – निम्नलिखित कारणों से सदस्य को देय कोई भी रकम 'अप्रवर्तनीय खाता' ज्ञात खाते में अंतरित कर दी जाएगी:

(i) छुट्टी की मजदूरी/मजदूरी के बकाया के संबंध में नियोजक से प्राप्त पूरक अभिदाय, किसी ऐसे सदस्य के संबंध में प्राप्त बकाया अभिदाय की किस्त जिसका दावा पहले ही निपटाया जा चुका है, किंतु जिसका संदाय नवीनतम पते के अभाव में नहीं किया जा सका; या

(ii) किसी ऐसे सदस्य के संबंध में जमा राशि, जो 55 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त हो गया है, या स्थायी रूप से विदेश प्रवास चला गया है, या जिसकी मृत्यु हो गई है, किन्तु जिसके संबंध में संदाय योग्य होने की दिनांक से 36 मास के भीतर इस स्कीम के अधीन निकासी के लिए कोई आवेदन नहीं किया गया है; या

(iii) किसी व्यक्ति को भेजी गई कोई रकम जो बिना परिदत्त हुए वापस आ गई हो और संदाय योग्य होने की तारीख से 36 महीनों के भीतर जिसका दावा न किया गया हो,

परंतु उक्त अतिशेष के संदाय की दशा में, अप्रवर्तनीय खाते से रकम का संदाय किया जाएगा।

परंतु यह और कि यदि किसी सदस्य को कोई रकम देय हो जाती है तो विधिक वाद या स्थापन द्वारा व्यतिक्रम के कारण पूरक अभिदाय के परिणामस्वरूप या किसी ऐसे दावे के कारण देय कोई रकम जिसका निपटारा हो चुका है किन्तु जो सदस्य की किसी गलती के बिना ही परिदत्त हुए बिना वापस प्राप्त हो गई हो तो ऐसी रकम को अप्रवर्तनीय खाते में अंतरित नहीं किया जाएगा ।

अध्याय-9

वार्षिक रिपोर्ट

56. बोर्ड की वार्षिक रिपोर्ट. – (1) लेखापरीक्षित लेखों और भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट सहित केंद्रीय बोर्ड के क्रियाकलापों से संबंधित वार्षिक रिपोर्ट पर कार्यकारी समिति द्वारा विचार किया

जाएगा तथा संबंधित वित्त वर्ष की समाप्ति के बाद 10 दिसंबर से पहले होने वाली केन्द्रीय बोर्ड की बैठक में अंगीकार किए जाने हेतु रखा जाएगा ।

परंतुक कि यदि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात दिसंबर के पहले दिन या सप्ताह तक नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती है, तो लेखापरीक्षित लेखों को नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट सहित, वार्षिक रिपोर्ट से अलग बोर्ड की कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा ।

(2) केन्द्रीय बोर्ड द्वारा अंगीकृत केंद्रीय बोर्ड की वार्षिक रिपोर्ट तथा केन्द्रीय बोर्ड के लेखापरीक्षित लेखों सहित भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट को केन्द्रीय बोर्ड की सामान्य मुहर लगाकर अधिप्रमाणित किया जाएगा।

(3) वार्षिक रिपोर्ट की चार प्रतियां, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट पर केन्द्रीय बोर्ड की टिप्पणियों सहित, संबंधित वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात बीस दिसंबर से पूर्व केंद्रीय सरकार को संसद के समक्ष रखने हेतु प्रस्तुत की जाएगी।

परंतु कि यदि संबंधित वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात पहली दिसंबर तक नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती है तो लेखापरीक्षित लेखे नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट सहित और उस पर केन्द्रीय बोर्ड की टिप्पणियों के साथ, वार्षिक रिपोर्ट से अलग, केन्द्र सरकार को प्रस्तुत की जाएगी।

57. केंद्रीय बोर्ड के कार्यों का संचालन. – (1) सभी आदेश और अन्य लिखतें केंद्रीय बोर्ड के नाम से बनाए और निष्पादित की जाएंगी तथा उस व्यक्ति द्वरा ऐसी रीति में प्रमाणित किए जाएंगे जैसा केंद्रीय बोर्ड विनिर्दिष्ट करे।

(2) संपत्ति की सभी संविदाएं और बीमा को केंद्रीय बोर्ड द्वारा किया गया अभिव्यक्त किया जाएगा और केंद्रीय बोर्ड की ओर से आयुक्त द्वारा निष्पादित किया जाएगा।

58. फायदों का दुरूपयोग. – (1) केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस स्कीम के अधीन किसी भी स्थापन या किसी भी व्यक्ति को उपबंधित फायदों के किसी भी दुरुपयोग का पता लगाने की रीति विनिर्दिष्ट करेगा।

(2) जहां समुचित सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि किसी स्थापना या किसी व्यक्ति ने इस स्कीम के अधीन विनिर्दिष्ट फायदे का दुरुपयोग किया है, तो ऐसा अधिकारी यथास्थिति, ऐसी स्थापना या ऐसे व्यक्ति को ऐसे समय के लिए, जो वह ठीक समझे, ऐसे फायदे से वंचित कर सकेगा:

परंतु ऐसी स्थापना या ऐसे व्यक्ति को, सुनवाई का अवसर दिए बिना यथास्थिति पारित नहीं किया जाएगा।

59. हानियों को बट्टे-खाते डालना. – जहां केंद्रीय बोर्ड का यह समाधान हो जाता है कि इस स्कीम के अधीन उसे देय अभिदाय , उपकर, ब्याज या नुकसानी की कोई भी रकम वसूल न होने योग्य है, तो वह प्रत्येक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों तथा निधि की समग्र वित्तीय स्थिति का सम्यक ध्यान रखते हुए, यथास्थिति, ऐसे अभिदाय , उपकर, ब्याज या नुकसानी को बट्टे-खाते डाल सकेगा।

उपाबंध

(विशेष उपबंध)

(क). कर्मचारी नामांकन अभियान, 2026. – (1) कर्मचारी नामांकन अभियान, 2026 इस स्कीम के प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगा और 31 अक्टूबर, 2026 को समाप्त हो जाएगा।

(2) कोई भी नियोजक, चाहे वह पहले से संहिता के अधीन कवर हो या न हो, को निम्नलिखित की अनुज्ञा दी जाएगी-

(क) कवरेज के लिए आवेदन करना; और

(ख) ऐसे कर्मचारियों को नामांकित करना, जिन्होंने 1 अप्रैल, 2009 और 31 अक्टूबर, 2026 के बीच उक्त स्थापना में कार्यभार ग्रहण किया हो, जो घोषणा की तारीख तक कार्यरत हों, परंतु जो किसी कारणवश पहले इस स्कीम के अधीन नामांकित नहीं थे।

(3) ऐसे घोषित कर्मचारियों के संबंध में अनुपालन, नियोजक द्वारा इस अभियान के अधीन ऐसी घोषणा के मास से आरंभ होगा, परंतु कर्मचारियों के अभिदाय का हिस्सा, पहले से न काटा गया हो और नियोजक के पास न रखा गया हो।

(4) यदि, यथास्थिति, कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952' की धारा 7क के अधीन या संहिता की धारा 125, या 'कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम, 2026' के पैरा-11 या 'कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम, 1952' के पैरा 26-ख, या 'कर्मचारी पेंशन स्कीम, 2026' के पैरा-8 या 'कर्मचारी पेंशन स्कीम, 1995' के पैरा-8 के अधीन जिसमें जांच चल रही है और नियोजक इस अभियान को चुनता है, तो कर्मचारी और नियोजक दोनों का अभिदाय संहिता और उसके अधीन बनी स्कीमों के उपबंधों के अनुसार संदेय होगा।

(5) इस अभियान का फायदा उठाने के इच्छुक नियोजक को सर्वप्रथम यह सुनिश्चित करना होगा कि घोषित किए जा रहे प्रत्येक पात्र कर्मचारी के लिए उमंग एप्लिकेशन के माध्यम से चेहरा प्रमाणीकरण तकनीक द्वारा प्रमाणित यूनिवर्सल खाता संख्या बनाया जाए और इलैक्ट्रॉनिक चालान-सह-विवरणी के माध्यम से उनके अभिदाय का संदाय किया जाए।

(6) इसके पश्चात् नियोजक, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा उपलब्ध करवाई गई ऑनलाइन सुविधा के माध्यम से इस अभियान के अधीन घोषणा करेगा, जिसमें नियोजक नामांकित कर्मचारियों के ब्यौरे उपदर्शित करेगा और उसे उस इलैक्ट्रॉनिक चालान-सह-विवरणी (अस्थाई विवरणी संदर्भ संख्या) से लिंक करेगा जिसके माध्यम से अभिदाय का संदाय किया गया है, और एक सौ रुपए की नुकसानी का संदाय करेगा;

परंतु कर्मचारी पेंशन स्कीम के अधीन सदस्यता, केंद्रीय सरकार द्वारा यथाअधिसूचित मजदूरी सीमा तक ही निर्बंधित रहेगी;

परंतु 1 सितंबर 2014 के पश्चात् नियुक्त कोई भी नया कर्मचारी, कर्मचारी पेंशन स्कीम का सदस्य नहीं होगा, यदि उसका वेतन, मजदूरी अधिकतम सीमा से अधिक है।

(7) नियोजकों द्वारा की गई घोषणा केवल कर्मचारी भविष्य निधि पोर्टल के माध्यम से ही अभिहित की जाएगी।

(8) एक से अधिक वचन या घोषणा-पत्र जमा करना अनुज्ञात होगा।

(9) इस अभियान के अधीन घोषणा की तारीख से, नियोक्ता संहिता के उपबंधों का नियमित अनुपालन करेगा।

(10) सभी स्थापनाएं कर्मचारी नामांकन अभियान, 2026 में भाग लेने के लिए पात्र हैं, इस तथ्य को विचार में लाए बिना किसी स्थापना को संहिता की धारा 125 के अधीन या निरसित अधिनियम की धारा 7क के अधीन, इस स्कीम के पैराग्राफ-11 या कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम, 1952 के पैराग्राफ 26-बी, कर्मचारी पेंशन स्कीम, 2026 के पैराग्राफ-8 या कर्मचारी पेंशन स्कीम, 1995 के पैराग्राफ 8 के अधीन जांच का सामना करना पड़ रहा है।

(11) जांच अधिकारी मामले का विनिश्चय करते समय इस अभियान के अधीन की गई घोषणा पर विचार करेगा।

(12) यदि नियोक्ता द्वारा जांच की नियत अवधि के संबंध में घोषणा की जाती है, तो इस अभियान के अधीन मिलने वाले फायदा, सभी विद्यमान कर्मचारियों के संबंध में, उनके मजदूरी या हिस्सा की रकम और घोषित नियोजन की अवधि के संबंध में, इस अभियान के अधीन यथाउपबंधित काल्पनिक नुकसानी तक ही सीमित रहेंगे।

(13) नियोक्ता अपने संबंधित कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से पिछली अवधियों के लिए घोषित कर्मचारियों के संबंध में हिस्सा जमा करेगा, जो इस प्रकार होगा –

(क) नियोक्ता को केवल अपना हिस्सा ही देना होगा, परंतु कर्मचारियों का हिस्सा नहीं काटा गया हो और नियोक्ता के पास रखा गया हो;

(ख) यदि नियोक्ता द्वारा कर्मचारी का हिस्सा पहले से नहीं काटा गया है, तो कर्मचारी के अंशदान को अभिव्यक्त कर दिया जाएगा।

(ग) नियोजक, संहिता की धारा 127 के अधीन पिछली अवधि के लिए लागू होने वाले प्रशासनिक प्रभारों सहित ब्याज का भुगतान करना होगा।

(14) संहिता की धारा 125 के अधीन या निरसित अधिनियम की धारा 7क के अधीन पहले से ही संपन्न किए गए निर्धारण के मामले, यथास्थित इस स्कीम के पैराग्राफ-11 या कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम, 1952 के पैराग्राफ 26-ख, कर्मचारी पेंशन स्कीम, 2026 के पैराग्राफ-8 या कर्मचारी पेंशन स्कीम, 1995 के पैराग्राफ 8, लंबित हैं और नियोक्ता इस अभियान का विकल्प चुनता है, तो इस पर विचार नहीं किया जाएगा।

(15) इस अभियान के अधीन फायदे उठाने वाले नियोजकों के विरुद्ध कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा उन कर्मचारियों के संबंध में कोई कार्रवाई शुरू नहीं की जाएगी, जो घोषणा की तारीख से पहले ही स्थापना छोड़ चुके हैं, परंतु स्थापना द्वारा एक वचनपत्र प्रस्तुत किया जाए कि-

(क) सभी विद्यमान और पात्र कर्मचारियों को घोषित किया गया है; और

(ख) विद्यमान या पूर्ववर्ती कर्मचारियों के हिस्सा के हिस्से से संबंधित कोई रकम जो उसके संबंध में नियोक्ताओं के अंशदान की लागू रकम के साथ उसमें से काटा गया था, निधि में जमा करने के लिए लंबित नहीं है।

(16) इस अभियान के अधीन पात्र कर्मचारियों की घोषणा, ऐसे घोषित कर्मचारियों के नियोजन और नियोजन निबंधनों से संबंधित तथ्यों का दुर्व्यपदेशन किया गया है या दबाया गया है, ऐसी घोषणा शुरू से ही शून्य होगी और ऐसा समझा जाएगा कि घोषणा इस स्कीम के अधीन नहीं की गई है और ऐसी घोषणा करने वाला नियोक्ता संहिता के उपबंधों और उसके अधीन बनाई गई स्कीम के अनुसार कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा।

(17) स्कीम के अधीन कवरेज और फायदों के विस्तार को बढ़ाने के प्रयोजनाधीन से, सदस्य का अंशदान इस अभियान के अधीन 1 अप्रैल, 2009 से शुरू होने वाली और 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए अधिव्यक्त कर दिया जाएगा:

परंतु यह और कि इस अभियान के अधीन ऐसा अधित्यजन तभी लागू होगी, जब सदस्य का अंशदान नहीं वसूला गया है।

(18) केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त या ऐसे अन्य प्राधिकृत अधिकारी, कर्मचारी से नामांकन अभियान, 2026 के अधीन सारणी में विनिर्दिष्ट दरों पर नुकसानी के रूप में रकम का उदग्रहण और वसूली कर सकेगा।

सारणी

चूक की अवधि	नुकसानी की दर
1 जुलाई 2009 के पहले दिन से 31 मार्च 2026 के बीच	कर्मचारी नामांकन अभियान-2026 के अधीन एक सौ रुपये।

ख. विश्वास, 2026.- (1) नुकसानी से संबंधित विशेष उपबंधों को विश्वास, 2026 कहा जाएगा।

(2) यह स्कीम की अधिसूचना की तारीख से छह मास की अवधि के लिए विधिमान्य रहेगी।

(3) इस अवधि को केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा लिखित रूप में अभिलिखित किए जाने वाले कारणों के आधार पर अधिकतम छह मास तक बढ़ाया जा सकता है और इसे सूचनार्थ केंद्रीय न्यासी बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा।

(4) 14 जून, 2024 से पहले की अवधि के लिए विश्वास, 2026 अंशदान के भुगतान में चूक के लिए नुकसानियों हेतु लागू होगी।

(5) विश्वास, 2026 को, कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम, 1952 के पैराग्राफ 32क के साथ निरसित अधिनियम की धारा 14ख और इस स्कीम के पैराग्राफ 23 के साथ संहिता की धारा 128 पठित जाएगा जो निम्नलिखित प्रवर्गों पर लागू होगी: -

(क) जहां, यथास्थिति, निरसित अधिनियम की धारा 14ख के अधीन या संहिता की धारा 128 के अधीन कोई आदेश जारी किया गया है और विवाद के किसी भी पक्ष द्वारा किसी न्यायिक मंच के समक्ष विवादित हो।

(ख) जहां, यथास्थिति, निरसित अधिनियम की धारा 14ख के अधीन या संहिता की धारा 128 के अधीन कोई आदेश जारी किया गया हो, और वसूली योग्य रकम अभी उद्गृहित हो।

(ग) जहां, यथास्थिति, निरसित अधिनियम की धारा 14ख के अधीन या संहिता की धारा 128 के अधीन, नोटिस जारी किया गया हो और अंतिम आदेश अभी जारी किया जाना हो; या,

(घ) जहां, यथास्थिति, निरसित अधिनियम की धारा 14ख के अधीन या संहिता की धारा 128 के अधीन, अभी नोटिस जारी किया जाना हो।

(6) विश्वास 2026 ऐसे मामलों पर लागू नहीं होगी, जहां, यथास्थिति, निरसित अधिनियम की धारा 14ख के अधीन या संहिता की धारा 128 के अधीन, पूरी रकम पहले ही जमा की जा चुकी हो।

(7) अन्यथा लागू नुकसानी दर के होते हुए भी, विश्वास, 2026 के अधीन नुकसानी दर स्कीम के पैराग्राफ 23 के उप-पैराग्राफ (1) में यथाविनिर्दिष्ट होगी।

(8) किसी भी न्यायिक मंच के समक्ष निरसित अधिनियम की धारा 7झ के अधीन उप-पैराग्राफ (5) में विनिर्दिष्ट फाइल की गई अपील या पारित किया आदेश नोटिस या आदेश के विरुद्ध, उप-पैराग्राफ (7) में यथाविनिर्दिष्ट की नुकसानियों ऐसी रकम के प्रेषण पर, स्थगित हो जाएगी ।

(9) विश्वास, 2026 निम्नलिखित शर्तों के अधीन लागू होगी: -

(क) निरसित अधिनियम की धारा 7थ या संहिता की धारा 127 के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि के लिए या निरसित अधिनियम की धारा 14 ख के अधीन अवधि के तत्स्थानी प्रेषण के विलंबित मास के लिए ब्याज पूर्ण रूप से जमा या वसूल किया गया;

(ख) नियोक्ता एक वचन पत्र प्रस्तुत करेगा कि इस स्कीम के अधीन विवाद के प्रकार समाप्त हो जाने के परिणामस्वरूप किसी भी मंच के समक्ष कोई और अपील फाइल नहीं की जाएगी।

(10) शोद्यों की वसूली, आंशिक रूप से भुगतान या वसूली निम्नानुसार होगी:

(क) निरसित अधिनियम की धारा 14स के अधीन कोई असंदत्त रकम निम्नानुसार विनियमित की जाएगी: -

(i) जहां आंशिक रूप से भुगतान की गई रकम, उप-पैराग्राफ (7) के अनुसार गणना की गई नुकसानी से अधिक है, वहां स्थापना को कोई भी रकम वापस नहीं की जाएगी और न ही इसे जमा करने में देरी की उक्त अवधि के लिए निरसित अधिनियम की धारा 14ख के अधीन जारी किसी अन्य आदेश या नोटिस के विरुद्ध समायोजित किया जाएगा

(ii)जहां आंशिक रूप से संदत्त रकम उप-पैराग्राफ (7) के अनुसार नुकसानी से अधिक है, वहाँ स्थापना उप-पैराग्राफ (7) के अनुसार संगणित नुकसानियों की विभेदक रकम का भुगतान करेगी;

(ख) निरसित अधिनियम की धारा 7-ण या संहिता की धारा 23 के अधीन पूर्व-जमा रकम :-

यथास्थिति, निरसित अधिनियम की धारा 7- ण के अधीन या संहिता की धारा 23 की उपधारा (3) के अधीन निरसित अधिनियम की धारा 7स या संहिता की धारा 23 के अपील फाइल करने के लिए जमा रकम और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के साथ जमा रकम को निरसित अधिनियम के अधीन स्थापना द्वारा विधिमान्य जमा माना जाएगा और इसके अधीन विनियमित किया जाएगा:

(i) उप-पैराग्राफ (7) के अधीन देय नुकसानियों के रूप में संगणित रकम और निरसित अधिनियम की धारा 7-ण के अधीन या संहिता की धारा 23 की उपधारा (3) के अधीन जमा रकम के बीच अंतर रकम स्थापना द्वारा संदत्त की जाएगी;

(ii) जहां निरसित अधिनियम की धारा 7-ण के अधीन या संहिता की धारा 23 की उपधारा (3) के अधीन जमा की गई अन्तर रकम , उपपैरा (7) के अधीन देय नुकसानियों के रूप में संगणित रकम से अधिक है, वहां अन्तर अतिरिक्त रकम का पहले निरसित अधिनियम की धारा 14ख के अधीन जारी किए गए किसी अन्य आदेश या संहिता की धारा 128 के अधीन जारी किए जाने वाले किसी नोटिस के विरुद्ध स्थापना द्वारा देय अंशदायों के प्रति प्रेषण में विलम्ब की किसी पश्चातवर्ती अवधि के लिए समायोजन किया जाएगा।

(11) केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त प्रचालन मार्गदर्शक सिद्धांत जारी करेंगे।

ग. एमनेस्टी, 2026.- (1) छूट प्राप्त स्थापनाओं से संबंधित अनुबंधों को एमनेस्टी, 2026 कहा जाएगा।

(2) यह स्कीम की अधिसूचना की तारीख से छह मास की अवधि के लिए विधिमान्य रहेगी।

(3) केंद्रीय बोर्ड की सिफारिशों पर अवधि को अधिकतम छह मास तक बढ़ाया जा सकता है।

(4) जिन छूट प्राप्त स्थापनाओं ने एमनेस्टी, 2026, छूट के लिए आवेदन किया है, उन्हें कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम , 1952 के पैरा 27 और 27 क और संहिता की धारा 143 के साथ पठित निरसित अधिनियम की धारा 17 के अधीन भूतलक्षी रूप से प्रदान की जाएगी।

स्पष्टीकरण: इस पैरा के प्रयोजन के लिए, यह उपबंध उन स्थापनाओं पर लागू होगा जो आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) के अधीन मान्यता के आधार पर भविष्य निधि न्यास का प्रचालन कर रहे हैं, किंतु जिनके पास संहिता या निरसित अधिनियम के अधीन समुचित सरकार द्वारा छूट के अनुदान की औपचारिक अधिसूचना नहीं है।

(5) निम्नलिखित प्रवर्गों की स्थापनाएं, 2026 के लिए छूट की पात्र हैं:

(i) प्रवर्ग-1: वे स्थापनाएं जो अपने भविष्य निधि न्यासों के लिए भूतलक्षी रूप में छूट नियमितीकरण चाहते हैं और पहले से ही एक गैर-छूट प्राप्त स्थापना के रूप में अनुपालन शुरू कर चुके हैं या एक गैर-छूट प्राप्त स्थापना के रूप में संभावित अनुपालन का विकल्प चुन रहे हैं और आगे निम्नलिखित के रूप में उप-वर्गीकृत हैं:

(क) अपवर्जित कर्मचारियों के लिए बनाए गए न्यास; या

(ख) गैर-अपवर्जित कर्मचारियों के लिए बनाए गए न्यास ,

कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम, 1952 के अधीन ;

(ii) प्रवर्ग-2: वे स्थापनाएं जो अपने भविष्य निधि न्यासों के लिए भूतलक्षी रूप में नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं और संहिता के अधीन छूट प्राप्त स्थापना के रूप में जारी रखने का विकल्प चुन रहे हैं।

(6) प्रवर्ग-1 की स्थापनाओं के लिए एमनेस्टी, 2026 के उपबंध : -

(i) स्थापना की भूतलक्षी छूट और न्यास की स्थापना और मान्यता को प्रारंभ से कट-ऑफ तारीख अर्थात ऐसी तारीख तक जिससे गैर-छूट के रूप में अनुपालन किया जाता है या भविष्य की ऐसी तारीख (विधिमान्य अवधि से परे नहीं) जिससे इसे स्थापना द्वारा एक गैर-छूट वाली स्थापना के रूप में अनुपालन करने के लिए प्रस्तावित किया जाता है;

(ii) वह अवधि जिसके लिए न्यास कार्य कर रहा है, यह समझा जाएगा कि वह तीन वर्ष के अनुपालना को पूरा करता है जो कि संहिता के अधीन सरकार द्वारा जारी छूट के अनुदान से संबंधित नियमों के अधीन अपेक्षित है;

(iii) संहिता के अधीन सरकार द्वारा जारी छूट देने से संबंधित नियमों के अधीन अपेक्षित कर्मचारियों की संख्या और/या कोष की न्यूनतम अपेक्षा को अधित्यक्त कर दिया जाएगा;

(iv) भविष्य निधि शेष से कर्मचारी पेंशन स्कीम , 1995 और/या कर्मचारी पेंशन स्कीम , 2026 में अंतरण की अनुज्ञा उन गैर-अपवर्जित कर्मचारियों के संबंध में दी जाएगी, जो कट-ऑफ तारीख पर सेवा में हैं और जिन्हें अनिवार्य रूप से कर्मचारी पेंशन स्कीम , 1995 का सदस्य बनने की अपेक्षा थी, किंतु जिन्हें पहले सदस्य नहीं बनाया गया था;

(v) स्थापना को केवल इस आधार पर चूक में नहीं माना जाएगा कि स्थापना और न्यास की छूट का औपचारिक अनुमोदन और अधिसूचना नहीं थी और शोध्य के निर्धारण के लिए कोई कार्यवाही नहीं होगी, परंतु सदस्य खातों में जमा किए गए अंशदान और ब्याज की दर वैधानिक दरों के बराबर या बेहतर हो:

परंतु ऐसी कोई कार्यवाही लंबित होने की स्थिति में वापस ले ली जाएगी और समाप्त कर दी जाएगी;

(vi) स्थापना को केवल इस आधार पर चूक में नहीं माना जाएगा कि स्थापना और न्यास की छूट का औपचारिक अनुमोदन और अधिसूचना नहीं थी और की गई नुकसानी और ब्याज के निर्धारण के लिए कोई कार्यवाही नहीं होगी, परंतु सदस्य खातों में जमा किए गए अंशदान और ब्याज की दर वैधानिक दरों के बराबर या बेहतर होः

परंतु यदि ऐसी कोई कार्यवाही शुरू की गई है (किंतु पूरी नहीं हुई है) तो ऐसी स्थिति में वापस ले ली जाएगी और समाप्त कर दी जाएगी;

(vii) शोध्य और संबंधित नुकसानी और ब्याज का निर्धारण, किसी भी छूटे हुए कर्मचारी के संबंध में लागू होगा और कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम , 1952 के पैरा 28 के अधीन स्थापना से न्यास को निधि के अंतरण में या अंतरण में देरी की दशा में लागू होगा;

(viii) यदि, शोध्य , नुकसानियों , ब्याज के निर्धारण के लिए कोई कार्यवाही पूरी हो गई है और आदेश जारी किए गए हैं, ऐसे आदेशों को शुरू से ही शून्य माना जाएगा और कोई भी रकम जो वसूली गई है उसे भविष्य के शोध्य के विरुद्ध समायोजित करने की अनुज्ञा दी जाएगी।

(ix) स्थापना ऐसे अधिभार के लिए दायी होगा जो कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम , 1952 में सरकार द्वारा समय-समय पर न्यास की स्थापना से लेकर गैर-छूट प्राप्त स्थापना के रूप में अनुपालन की तारीख तक छूट प्राप्त स्थापनाओं के संबंध में विनिर्दिष्ट निवेश के पैटर्न के किसी भी उल्लंघन या विचलन के लिए विनिर्दिष्ट किया जाए;

(7) एम्नेस्टी, 2026 का लाभ उठाने वाली स्थापनाओं का उत्तरदायित्व

(i) एमनेस्टी, 2026 के फायदों का लाभ उठाने के लिए स्थापना केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा विनिर्दिष्ट केंद्रीय सरकार को आवेदन करेंगी;

(ii) स्थापना उन कर्मचारियों की सूची प्रदान करेगी जो कट-ऑफ तारीख पर अंशदान दे रहे हैं या सेवा में हैं, साथ ही उन कर्मचारियों की सूची, जिन्होंने सेवा छोड़ दी है, किंतु जिनके खातों का उस तारीख को उनके प्रत्यय में संचय के साथ अभी तक निपटान नहीं हुआ है और कट-ऑफ तारीख से पहले की अवधि के लिए कर्मचारियों द्वारा सेवाओं और फायदों से संबंधित किसी भी विवाद से उत्पन्न होने वाला कोई भी दायित्व नियोजक द्वारा वहन किया जाएगा;

(iii) स्थापना यह सुनिश्चित करेगी कि व्यक्तिगत सदस्यों के खाता-पत्र सहित न्यास के खातों का लेखा-परीक्षण एक चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा कट-ऑफ तारीख पर किया गया है;

